दैनिक हिन्दी अख़बार

# सच बेधड़क

www.sachbedhadak.com | twitter.com/sachbedhadak | facebook.com/sachbedhadak
YouTube: youtube.com/@sachbedhadak | Instagram: instagram.com/sach_bedhadak

वर्ष: 3 | अंक: 102 जयपुर, गुरुवार, 21 मार्च, 2024 | फाल्गुन, शुक्ल पक्ष- द्वादशी, विसं 2080 पृष्ठ: 10 | मूल्य: 2.00



### एकादशी पर 11 लाख भक्तों ने किए बाबा श्याम के दर्शन

**खाटूश्यामजी।** श्याम बाबा के वार्षिक लक्खी फाल्गुन मेले में बुधवार को भक्तों का हुजूम उमड़ पड़ा। देश के कोने-कोने से लाखों श्याम भक्त बाबा श्याम के दर्शन कर मन्नत मांगने पहुंचे। श्याम भक्त रींगस से खाटूश्यामजी पदयात्रा करते हुए बाबा के जयकारे लगाते हुए श्याम बाबा के दर्शन करने के लिए पहुंचे। एक अनुमान के अनुसार करीब 11 लाख के करीब श्यामभक्त पहुंचे। वहीं 11 दिवसीय बाबा श्याम के वार्षिक लक्खी मेलें पूर्ण रूप से 29 लाख के करीब भक्त पहुंचे। मेले का गुरुवार को समापन किया जाएगा।

### पाकिस्तान: धमाके, गोलीबारी... आठ आतंकी किए ढेर



**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के अशांत बलूचिस्तान प्रांत के ग्वादर पोर्ट अथॉरिटी कॉम्प्लेक्स को बुधवार को आतंकियों ने निशाना बनाते हुए अंधाधुंध फायरिंग की। बता दें कि आतंकियों की गोलीबारी का सुरक्षाबलों ने मुंहतोड़ जवाब भी दिया। इस हमले से पहले पोर्ट पर एक धमाका हुआ। रिपोर्ट के मुताबिक ग्वादर पोर्ट पर आठ आतंकियों ने हमला किया था और सभी आतंकियों को सुरक्षाबलों ने मौत के घाट उतार दिया। बलूचिस्तान प्रांत के मुख्यमंत्री सरफराज बुगती ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर एक पोस्ट शेयर कर इसकी जानकारी दी। सरफराज बुगती ने कहा, आठ आतंकियों ने आज ग्वादर पोर्ट अथॉरिटी कॉम्प्लेक्स पर हमला करने की कोशिश की। सुरक्षाबलों ने उन सभी को मार गिराया है।

कल से दिखेगा गुलाबी नगरी में आईपीएल मैच का रोमांच... पिंक थीम से सजा एसएमएस स्टेडियम

# पहला मुकाबला रॉयल्स और लखनऊ सुपर जाइंट्स के बीच

बेधड़क | जयपुर

गुलाबी नगर के सवाई मान सिंह स्टेडियम में शुक्रवार को आईपीएल-2024 का चिर प्रतीक्षित पहला मुकाबला खेला जाएगा। यह मैच राजस्थान रॉयल्स और लखनऊ सुपर जाइंट्स के बीच खेला जाएगा। इसमें लखनऊ की ओर से सुपर स्टार केएल राहुल, क्विंटन डिकॉक, निकोलस पूरन तो राजस्थान रॉयल्स के जोस बटलर, रविचंद्रन अश्विन, ट्रेंट बोल्ट जैसे सुपर प्लेयर आकर्षण का केंद्र होंगे। मैच रोमांचक होगा इसमें कोई दो राय नहीं है।




### स्टूडेंट्स के लिए खुश खबरी

इस बार आईपीएल मैचों के लिए स्टूडेंट्स के लिए राहत भरी खबर आई है। 24 मार्च को सवाई मानसिंह स्टेडियम में होने वाले आईपीएल मुकाबले से पहले राजस्थान रॉयल्स ने स्टूडेंट को सस्ते में टिकट देने की घोषणा कर दी है। बुधवार को आरआर ने आम लोगों के लिए 1200 में मिलने वाला टिकिट स्टूडेंट्स के लिए 500 रुपए बेचने की घोषणा कर दी। इसके लिए स्टूडेंट आईडी दिखाना अनिवार्य होगा। एक आईडी पर 2 टिकट खरीदे जा सकते हैं।

### आयोजन RCA और RR फ्रेंचाइजी के हाथ में

इस बार आईपीएल मैचों का आयोजन सीधे खेल परिषद और राजस्थान रॉयल्स प्रबंधन कर रहा है। यही वजह से कि अब तक स्टूडेंट्स को किफायती दर पर टिकट देने का फैसला नहीं हो पाया, लेकिन अब मैच से ठीक तीन दिन पहले राजस्थान रॉयल्स ने स्टूडेंट्स को हर बार की तरह इस बार भी 500 रुपए में टिकट देने का फैसला किया है। 24 मार्च को राजस्थान रॉयल्स और लखनऊ सुपर जॉयंट्स के बीच मैच खेला जाएगा।

### 800 का टिकट के लगेंगे 1200 रुपए

राजस्थान में होने वाले आईपीएल मैचों के लिए टिकट के रेट 1200 से 20 हजार रुपए तक तय की गई है। दर्शक सवाई मानसिंह स्टेडियम में काउंटर से ऑफलाइन टिकट लेने के साथ ही ऑनलाइन भी टिकट बुक कर सकते हैं। पिछली बार सबसे सस्ता टिकट 800 रुपए का था। इस बार इसका रेट 400 रुपए बढ़ा दिया गया है। उधर, मैच को देखते हुए सवाई मानसिंह स्टेडियम को पिंक थीम पर सजाया गया है। जगह-जगह खिलाड़ियों के पिंक कलर के ही होर्डिंग्स लगाए गए हैं, ताकि जयपुर के गुलाबी रंग और राजस्थान रॉयल्स टीम की थीम को बरकरार रखा जा सके। दर्शकों के मनोरंजन के लिए राजस्थानी कलाकार परफॉर्म करेंगे।

लोकसभा चुनाव की प्रक्रिया शुरू... भरे जा रहे नामजदगी पर्चे

# 12 सीटों के लिए नामांकन शुरू, निर्दलीयों के दाखिल

## जयपुर जिले में पहले दिन दो प्रत्याशियों ने भरा नामांकन, अब चार दिन शेष

बेधड़क | जयपुर

लोकसभा चुनाव के पहले चरण की 12 सीटों के लिए बुधवार को अधिसूचना जारी हो गई है। इस चरण में प्रदेश की श्रीगंगानगर, बीकानेर, चूरू, झुंझूनूं, सीकर, जयपुर ग्रामीण, जयपुर, अलवर, भरतपुर, करौली-धौलपुर, दौसा और नागौर लोकसभा सीट के लिए नामांकन प्रक्रिया भी 20 मार्च से शुरू हो गई है। वहीं, पहले दिन जयपुर से दो निर्दलीयों ने नामांकन भरा है। जयपुर के लिए वोटर लिस्ट भी फाइनल हो गई है। अब नाम नहीं जुड़ पाएंगे। वहीं, प्रमुख पार्टी भाजपा और कांग्रेस ने अभी तक जयपुर जिले में अपने प्रत्याशी घोषित नहीं किए हैं। दोनों दलों में नामों को लेकर माथपच्ची चल रही है।



### 23 से 25 मार्च तक राजकीय अवकाश

जयपुर जिला निर्वाचन अधिकारी प्रकाश राजपुरोहित ने बताया कि जयपुर ग्रामीण लोकसभा सीट से राइट टू रिकॉल पार्टी के प्रत्याशी के तौर पर आदित्य प्रकाश शर्मा और जयपुर शहर लोकसभा सीट से शशांक ने निर्दलीय प्रत्याशी के तौर पर नामांकन पत्र भरा। लोकसभा चुनाव लड़ने के के लिए उम्मीदवारों के पास केवल 4 दिन का समय बचा है। निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि 23 मार्च से 25 मार्च तक राजकीय अवकाश रहेगा। इस दौरान नामांकन पत्र नहीं लिए जाएंगे। ऐसे में उम्मीदवार 21, 22 और 26, 27 मार्च को नामांकन पत्र भर सकेंगे। 27 मार्च तक मिलने वाले सभी नामांकन पत्रों की जांच 28 मार्च को की जाएगी। जयपुर शहर और जयपुर ग्रामीण लोकसभा सीट पर कुल 44.56 लाख से ज्यादा वोटर्स है, जो अपने मताधिकार का प्रयोग इस लोकसभा चुनावों में करेंगे।

### मुहूर्त देखकर भरेंगे परचा

होलाष्टक लगने के कारण अधिकांश प्रत्याशी होली के बाद ही मुहूर्त में नामांकन भरेंगे। वहीं नामांकन भरने के लिए कैंडिडेट को इस बार 5 दिन का समय मिलेगा। निर्वाचन आयोग से जारी अधिसूचना के मुताबिक 20 से 27 मार्च के दौरान 3 दिन राजकीय अवकाश (शनिवार, होली, धुलंडी) होने के कारण उम्मीदवार 20 से 22 मार्च और 26,27 मार्च को नामांकन पत्र दाखिल कर सकेंगे। नामांकन पत्र भरने की आखिरी तारीख 27 मार्च है।

### चन्नी और मेवाणी को टिकट नहीं... सीईसी ने खारिज किया आइडिया

श्रीगंगानगर-हनुमानगढ़ सीट पर पंजाब के पूर्व सीएम चरणजीत सिंह चन्नी और जयपुर से दलित नेता और गुजरात वडगाम के विधायक जिग्नेश मेवानी को टिकट देने से मना कर दिया है। सीईसी ने दोनों नेताओं को राजस्थान से टिकट देने का आइडिया खारिज कर दिया। इन दोनों सीटों पर स्थानीय नेताओं के विरोध के फीडबैक के बाद चन्नी और मेवाणी पर विचार बदल दिया।

### प्रत्याशी सहित 5 व्यक्ति कर सकेंगे प्रवेश

नामांकन प्रक्रिया बुधवार सुबह 11 बजे से दोपहर तीन बजे तक चली। दोपहर तीन बजे के बाद किसी भी व्यक्ति को एंट्री करने या दस्तावेज लाने की अनुमति नहीं रही। नामांकन भरने पहुंचे वाले के साथ 4 व्यक्ति सहित कुल 5 व्यक्ति ही रिटर्निंग अधिकारी (आरओ) के कक्ष में प्रवेश कर सके। नामांकन भरने पहुंचे व्यक्ति के काफिले में केवल तीन वाहनों को ही आरओ कार्यालय के 100 मीटर के अंदर प्रवेश की अनुमति दी गई है।

### जयपुर में प्रत्याशी घोषित नहीं, लेकिन कार्यालय खुला

जयपुर शहर लोकसभा के लिए भाजपा ने अभी तक प्रत्याशियों की घोषणा नहीं की है, लेकिन चुनाव कार्यालय खोल दिया है। इस चुनाव कार्यालय में टेंट, कुर्सी, मंच और बैठक के लिए अलग से जगह की व्यवस्था भी की गई है। जयपुर शहर लोकसभा का चुनावी कार्यालय प्रदेश बीजेपी मुख्यालय से कुछ ही दूरी पर खोला गया है। जयपुर शहर लोकसभा के प्रत्याशी की घोषणा होते ही यह कार्यालय संचालित होना शुरू हो जाएगा।

### बसपा ने तीन लोकसभा उम्मीदवार किए घोषित

बहुजन समाजवादी पार्टी ने प्रदेश की तीन लोकसभा सीटों के लिए अपने प्रत्याशियों के नामों की घोषणा कर दी है। पार्टी ने जालोर-सिरोही से लाल सिंह राठौड़, भरतपुर से अंजला और कोटा से भीम सिंह कुंतल को प्रत्याशी बनाया है। कांग्रेस ने लोकसभा चुनाव की पहली लिस्ट में 25 में से 10 सीटों पर प्रत्याशी घोषित कर चुकी है। भाजपा पहले ही 15 सीटों पर उम्मीदवार घोषित कर चुकी है।

माता बनी कुमाता: ममता का यह कैसा घिनौना रूप

## कलियुगी मां ने ही रेत दिया मासूम उजेफ का गला

■ 43 दिन के बच्चे के रोने से परेशान होकर उठाया क्रूर कदम... गिरफ्तार



बेधड़क | जयपुर

कहावत है पूत कपूत हो सकता है, पर माता कुमाता नहीं हो सकती, लेकिन राजधानी के रामगंज इलाके में एक मां ने अपने 43 दिन के मासूम बच्चे का गला रेत इस कहावत को उलट डाला। डेढ़ माह के भी नहीं हुए मासूम का कसूर सिर्फ इतना कि वो रात में रो रहा था और निर्दयी मां की नींद में खलल पैदा हो रही थी। पुलिस ने मामले का खुलासा करते हुए कलियुगी मां को गिरफ्तार कर लिया है।

### सर्जिकल ब्लेड से काट दिया गला

पुलिस उपायुक्त जयपुर-उत्तर राशि डोगरा डूडी ने बताया कि रामगंज थाने के तेलियों का मोहल्ला चौकड़ी तोपखाना हुजूरी निवासी जावेद खान ने मामला दर्ज कराया कि मेरे भाई अमजद के 43 दिन के बेटे उजेफ की तीन मार्च को किसी ने गला रेत कर हत्या कर दी। पुलिस ने छानबीन की तो पता चला कि घटना के समय कमरे में मृतक उजेफ अपनी मां के साथ था। इस पर शक की सुई मां अंजुम की ओर घूमी, पूछताछ में उसने अपना जुर्म कबूल लिया। आरोपी महिला ने बताया कि डिलिवरी से लेकर बच्चे की हत्या तक वह बहुत परेशान थी। बच्चा दिन-रात रोता रहता था और वह रात को भी सो नहीं पाती थी। दिन में भी अकेली रहती थी और वह बच्चे को रख नहीं पाती थी। इस पर उसने घटना से 4-5 दिन पहले बच्चे को जान से मारने की योजना बनाई। 2 मार्च को दिन में 12 बजे सर्जिकल ब्लेड खुद के पास रखी और उसी से बच्चे का गला काट दिया। इसके बाद घरवालों का ध्यान भटकाने के लिए कह दिया कि कोई लाल रंग की शर्ट पहने आए व्यक्ति ने बच्चे का गला काटा है। गला काटने के करीब 10 मिनट बाद वह चिल्लाई और सारी झूठी घटना परिजनों को बता दी। पीडिता को नहीं पता था इस मामले में कोई रिपोर्ट दर्ज होगी और वह पकड़ी जाएगी।

### केंद्र ने फैक्ट चेक यूनिट को किया अधिसूचित

**नई दिल्ली।** केंद्र ने प्रेस सूचना ब्यूरो के तहत फैक्ट चेक यूनिट को सरकार की फैक्ट चेक यूनिट के रूप में अधिसूचित किया है। पीआईबी ने भारत सरकार, विभिन्न मंत्रालयों, विभागों इत्यादि से संबंधित भ्रामक खबरों के मुद्दे से निपटने के लिए एक फैक्ट चेक यूनिट का गठन किया। पीआईबी, यह इकाई सरकारी नीतियों, विनियमों, घोषणाओं और उपायों के बारे में दावों का सत्यापन करती है। यह यूनिट भ्रामक खबरों, अफवाहों और झूठे दावों को उजागर करने में मदद करती है।

नियम का अड़ंगा

# रिसर्च स्कॉलरों पर नियमों की मार... फेलोशिप पर लटक गई तलवार!

- नियम में बदलाव के लिए स्कॉलर्स हर स्तर पर लगातार लगा रहे गुहार
- बजट घोषणा और 62 करोड़ की वित्तीय स्वीकृति भी जारी होने के बावजूद सबको नहीं लाभ
- असंगत बिन्दु 4(B) के कारण शोधार्थी फेलोशिप से हो रहे वंचित

बेधड़क | जयपुर

राज्य सरकार से अनुदान प्राप्त विश्वविद्यालयों एवं महाविद्यालयों के रिसर्च सेंटर्स से शोध कार्य कर रहे सभी नेट/स्लेट उत्तीर्ण व बिना अन्य फेलोशिप शोधार्थियों को, जो कि अन्य कोई फेलोशिप प्राप्त नहीं कर रहे हैं, उनके लिए रिसर्च को बढ़ावा देने तथा शोधार्थियों को आर्थिक संबल देने के लिए पूर्ववर्ती सरकार ने बजट घोषणा 2023-24 में की गई थी, जिसके लिए 62 करोड़ रुपए की वित्तीय स्वीकृति भी जारी की गई थी। लेकिन, इस फेलोशिप के लिए एक ऐसा नियम बना दिया गया है, जिसके कारण आधे से अधिक शोधार्थी फेलोशिप पात्रता से बाहर हो रहे हैं और जो नाममात्र के शोधार्थी दायरे में आ रहे हैं, उनको भी केवल 4 से 5 महीने की फेलोशिप अधिकतम मिलेगी। अब स्कॉलर्स इस नियम में बदलाव कराने के लिए उच्च शिक्षा मंत्री से लेकर सभी अधिकारियों के पास गुहार लगा रहे हैं।




"नियम 4(b) के कारण एक भी आवेदक 2 वर्ष की फेलोशिप के लिए पात्र नहीं माने जा रहे हैं, अतः इस नियम को हटाया जाए एवं सरकार शोधार्थियों की समस्याओं का समाधान प्राथमिकता से किया जाए।
**-राम प्रकाश भारी,** पूर्व छात्रसंघ अध्यक्ष एवं रिसर्च स्कॉलर राजनीति विज्ञान विभाग, राजस्थान विश्वविद्यालय

### फेलोशिप के लिए मात्र 700 फार्म

2200 शोधार्थियों को प्रति शैक्षणिक सत्र 20 हजार फेलोशिप देने का उल्लेख है, लेकिन 16 अगस्त-2023 को कॉलेज आयुक्तालय ने आवेदन मांगे, तो आवेदकों की संख्या लगभग 600 से 700 की जानकारी मिली, जो कि 2200 की तुलना में बहुत कम है। फेलोशिप के लिए कुल आवेदकों की संख्या करीब 700 के लगभग बताई जा रही है।

"सरकार फेलोशिप नियम विसंगति को दूर करें एवं नियमानुसार आवेदन तिथि से 2 वर्ष की फेलोशिप तुरंत जारी करें। साथ की ICSSR डॉक्टरल फेलोशिप नियमों का अनुसरण किया जाना चाहिए।
-रविता सिंह
रिसर्च स्कॉलर ,राजस्थान विश्वविद्यालय, जयपुर

### नियम 4 (B) से स्कॉलर्स को आपत्ति

नियम 4(B), जिसमें पीएच.डी रजिस्ट्रेशन से 2 साल का नियम है, इसके चलते एक भी आवेदन पूर्ण 2 वर्ष की फैलोशिप के दायरे में नहीं आ रहे हैं अर्थात् ऐसे आवेदकों की संख्या शून्य है। अभ्यर्थियों का कहना है कि ऐसे नियम आईसीएसएसआर एवं अन्य किसी फेलोशिप में नहीं हैं। यानी इस बजट घोषणा के बाद आवेदन तिथि से फैलोशिप की गणना की जाए तो फेलोशिप पात्रता शर्तें पूरी करने तथा नियम 4(A)(C) एवं (D) के दायरे में पात्र होते हुए भी असंगत बिन्दु 4(B) के कारण शोधार्थी फेलोशिप से वंचित रहना पड़ रहा है। शोधार्थियों की मांग है कि 4 (B) नियम हटे तथा आवेदन तिथि से तुरन्त फेलोशिप जारी की जाए।

## जरूरी खबर

### चिकित्सा सेवा के लिए भेंट किए 20 हजार मास्क



**बेधड़क.जयपुर।** बुबुगाओ कम्युनिकेशन प्राइवेट लिमिटेड और विजयराज कोठारी चेरिटेबल ट्रस्ट द्वारा सीएमएचओ कार्यालय जयपुर प्रथम में 20 हजार मास्क डोनेट किए गए। इस मौके पर बुबुगाओ कम्युनिकेशन प्राइवेट लिमिटेड और विजयराज कोठारी चेरिटेबल ट्रस्ट के प्रतिनिधियों ने सीएमएचओ डॉ. रवि शेखावत को 20 हजार मास्क सौपें। सीएमएचओ डॉ. रवि शेखावत ने संस्थाओं का आभार व्यक्त किया।

### चुनाव: हूपर्स देंगे मतदाता जागरूकता के संदेश

**बेधड़क,जयपुर।** लोकसभा चुनाव के लिए शत प्रतिशत मतदान के लिए अब हूपर्स मतदाताओं को जागरूक करेंगे। मुख्य निर्वाचन अधिकारी के निर्देशानुसार स्वायत्त शासन विभाग ने बुधवार को एक आदेश जारी कर स्वीप गतिविधियों के माध्यम से मतदाता जागरूकता के लिए राज्य की नगरीय निकायों में स्वच्छ भारत मिशन के तहत चलने वाले हूपरों पर मतदाता जागरूकता संबंधी ऑडियो संदेशों का प्रसारण करने के आदेश जारी किये हैं। इसी क्रम में डीएलबी निदेशक ने ओला ने नगर निगम के अधिकारियों को मतदान के लिए प्रेरित करने एवं मतदान केन्द्रों का अधिक से अधिक प्रचार-प्रसार करने के निर्देश दिए। हूपर्स से मतदाता जागरूकता संदेश प्रसारित करने के निर्देश दिए।

### ईवीएम-वीवीपैट का हुआ प्रथम रेंडमाइजेशन



**बेधड़क,जयपुर।** लोकसभा आमचुनाव 2024 के लिए 25 लोकसभा निर्वाचन क्षेत्रों के लिए ईवीएम और वीवीपैट का प्रथम रेंडमाइजेशन बुधवार को प्रदेश के 33 जिला मुख्यालयों पर आयोजित किया गया। मुख्य निर्वाचन अधिकारी प्रवीण गुप्ता ने बताया कि बीस प्रतिशत रिजर्व सहित 120 प्रतिशत बैलेट यूनिट, कंट्रोल यूनिट और तीस प्रतिशत रिजर्व सहित 130 प्रतिशत वीवीपीएटी यूनिट का रेंडमाइजेशन किया गया। सभी जिलो में कुल 63658 बीयू, 63658 सीयू, 68247 वीवीपैट मशीनों का प्रथम रैंडमाइजेशन किया गया। रेंडमाइजेशन के बाद ईवीएम-वीवीपेट लोकसभा निर्वाचन क्षेत्रवार रिटर्निंग अधिकारियों को आवंटित कर दी गई।

---

राजीव गांधी पंचायती राज संगठन देगा कल जनप्रतिनिधियों और कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षण

# चुनावों से पहले आमजन तक पहुंचेगी कांग्रेस की गारंटी

बेधड़क | जयपुर



लोकसभा चुनावों की तारीख तय हो चुकी है और प्रदेश में दो चरणों में मतदान होना है। इसी को लेकर राजनीतिक पार्टियां मतदाताओं तक पहुंच बढ़ाने को लेकर अपनी-अपनी पार्टी की ओर से जनता तक अपनी गारंटी और जनकल्याणकारी योजनाओं के प्रचार-प्रसार करने में जुट गई है।

इसी को लेकर भाजपा की तर्ज पर अब कांग्रेस भी बड़े स्तर पर तैयारी में जुट गई है। लोकसभा चुनावों की तारीख से पहले गत कांग्रेस सरकार में दी गई गारंटी को अब पार्टी जनता तक पहुंचाएगी और अशोक गहलोत के नेतृत्व में दी गई जनकल्याणकारी योजनाओं के भरोसे फिर से प्रदेश की जनता के बीच जाएगी।

इसका जिम्मा कांग्रेस के राजीव गांधी पंचायती राज संगठन ने उठाया हैं। जनप्रतिनिधियों और कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षण देने के लिए 22 मार्च को राज्य सम्मेलन होगा। जिसमें कांग्रेस की गारंटियों का जमीनी स्तर पर प्रचार प्रसार करने को लेकर मॉडल तैयार किया जाएगा।

### सम्मेलन में जुटेंगे सरकार के जनप्रतिनिधि




पूरे प्रदेश में जन-जन तक पहुंच कांग्रेस की योजनाओं को जनता तक पहुंचाने में जुटा राजीव गांधी पंचायती राज संगठन कांग्रेस की दूसरी पंक्ति का नेतृत्व विकसित करने का काम में जुट गया है। इसी को लेकर संगठन की ओर से 22 मार्च को जयपुर के इंदिरा गांधी पंचायती राज सभागार में राज्य जनप्रतिनिधियों के सम्मेलन आयोजित कर रहा है। इसमें कांग्रेस के ऐसे 500 कार्यकर्ता भाग लेंगे जो पार्टी के विचारों से जुड़कर कहीं ना कहीं से स्थानीय सरकारों के जनप्रतिनिधियों के रूप में काम कर रहे है। ऐसे कार्यकर्ताओं के साथ पार्टी एक मॉडल बनाकर उन्हें कार्यशाला में चुनावी प्रबंधन, जनता के बीच पहुंचाने वाले मुद्दों, जनता से कनेक्ट होने की तकनीकों, महिला जनप्रतिनिधियों की सक्रियता को और अधिक विकसित करने, कांग्रेस की गारंटियों को जनता के बीच रखने की विभिन्न अत्याधुनिक तकनीकों ओर पिछले 10 वर्षों में मोदी सरकार की विफलताओं को जन-जन तक पहुंचाने के लिए तैयार करेंगे।

### गहलोत गिनाएंगे मोदी की विफलताएं

राजीव गांधी पंचायती राज संगठन के प्रदेश अध्यक्ष डॉ.सीबी यादव ने बताया कि इस एक दिन की कार्यशाला में देश के कई राजनीतिक विशेषज्ञ और राजनीतिक प्रतिनिधि व्याख्यान देंगे। साथ ही प्रदेश का शीर्ष नेतागण अपने अनुभवों को साझा करेंगे और लोकसभा चुनाव के लिए जमीनी आधार रखने वाले इन जनप्रतिनिधियों को प्रेरित करेंगे। सम्मेलन में पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत, प्रदेश अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा, संगठन की राष्ट्रीय अध्यक्ष मीनाक्षी नटराजन, उपाध्यक्ष हर्षवर्धन सपकाल, एआईसीसी प्रशिक्षण विभाग के प्रमुख सचिन राव, राष्ट्रीय वॉर रूम के प्रमुख शशिकांत सेंथिल, मेनिफेस्टो कमेटी के सदस्य जिग्नेश मेवानी, सामाजिक कार्यकर्ता निखिल डे, भंवर मेघवंशी, दिल्ली विश्वविद्यालय के पूर्व प्रोफेसर लक्ष्मण यादव, हरियाणा की महिला सामाजिक कार्यकर्ता निर्मल चौहान जनप्रतिनिधि प्रतिभागियों से परिचर्चा करेंगे।

---

शेखावाटी क्षेत्र के दौरे में सीएम भजनलाल शर्मा बोले...

# मोदी की गारंटी में शिलान्यास लोकार्पण एक ही कार्यकाल में

बेधड़क | जयपुर



मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि कांग्रेस ने 70 सालों तक शेखावाटी के लोगों को गुमराह किया और गरीब व किसान के साथ धोखा किया। शेखावाटी में पानी की समस्या को कांग्रेस नेताओं ने नजर अंदाज कर वोटों की खातिर केवल तृष्टीकरण की नीति पर कार्य किया।

मुख्यमंत्री बुधवार को झुंझुनूं-सीकर लोकसभा कलस्टर के साथ कौर कमेटी की बैठक को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कुशल नेतृत्व और मार्गदर्शन में केंद्रीय जल शक्ति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत, हरियाणा के तत्कालीन मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर और राजस्थान सरकार के मध्य यमुना जल समझौता हो गया है। इससे शेखावाटी के लोगों को पीने का पानी तो मिलेगा ही साथ में सिंचाई के लिए भी जल उपलब्ध होगा।

ये मोदी की गारंटी है जिसका शिलान्यास मोदी सरकार करती है, उसका उद्घाटन भी उसकी कार्यकाल में पूरा होता है। यमुना जल समझौते से झुंझुनूं, सीकर, चूरू और नीम का थाना जिले के लोगों को पेयजल समस्या का निदान होगा और शेखावाटी की धरती सोना उगलेगी। ऐसे में इस बार भी राजस्थान से 25 की 25 सीटों पर कमल खिलाना है। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि राजस्थान की डबल इंजन सरकार ने सरकार बनने के तीन माह के दौरान ही भाजपा के संकल्प पत्र में किए गए 45 वादों को को पूरा कर दिया।

चाहे एसआईटी का गठन हो या फिर पेट्रोल-डीजल की दरों को कम करने का मामला। कार्यक्रम में केंद्रीय मंत्री एवं अलवर लोकसभा प्रत्याशी भूपेंद्र यादव, भाजपा प्रदेश सह प्रभारी विजया राहटकर, कैबिनेट मंत्री झाबर सिंह खर्रा, राज्य मंत्री गौतम दक, झुंझुनूं लोकसभा प्रभारी बाबा बालक नाथ, सीकर सांसद सुमेधानंद सरस्वती, सीकर जिलाध्यक्ष कमल सिखवाल, विधायक खंडेला सुभाष मील ने भी अपने विचार रखें। इस दौरान स्वागत भाषण झुंझुनूं जिलाध्यक्ष बनवारी लाल सैनी, धन्यवाद ज्ञापित अलवर दक्षिण के जिलाध्यक्ष उम्मेद भैया ने दिया। मंच का संचालन झुंझुनूं लोकसभा संयोजक पूर्व जिलाध्यक्ष दशरथ सिंह शेखावत ने किया। लोकसभा कलस्टर बैठक के बाद कई कांग्रेसी नेताओं ने भाजपा का दामन थामा। इस दौरान प्रदेश कांग्रेस कमेटी सदस्य मुरारी लाल सैनी, पंचायत समिति सदस्य दिनेश सैनी, जिला कांग्रेस कमेटी सचिव मनरूप जांगिड़, राष्ट्रीय राजपूत करणी सेना के पूर्व जिलाध्यक्ष रविंद्र तोलियासर, पंचायत समिति सदस्य प्रतिनिधि नंदलाल सैनी, उदयपुरवाटी नगर पालिका कांग्रेस से पार्षद रहे संदीप सोनी ने कार्यकर्ताओं के साथ भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा एवं भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सीपी जोशी ने पार्टी का दुपट्टा पहनाकर सदस्यता ग्रहण करवाई।

### 25 सीटें होंगी भाजपा की झोली में: जोशी

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सीपी जोशी ने कहा कि भाजपा कार्यकर्ताओं के दम पर लोकसभा चुनाव में सभी 25 सीटें भाजपा की झोली में होगी। फिर एक बार मोदी सरकार, अबकी बार 400 पार के ध्येय को ध्यान में रखते हर बूथ पर 370 वोट बढ़ाकर भाजपा को ऐतिहासिक जीत दिलानी है और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को विजयी माला पहनानी है। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सीपी जोशी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जो कहते है वो करते है। कार्यक्रम में केन्द्रीय मंत्री एवं अलवर से भाजपा प्रत्याशी भूपेन्द्र यादव, बीकानेर से भाजपा प्रत्याशी अर्जुन लाल मेघवाल, प्रदेश सह प्रभारी विजया राहटकर, पूर्व नेता प्रतिपक्ष राजेन्द्र राठौड़, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष डॉ. सतीश पूनियां ने शिरकत की।

---

कारगर साबित हो रहा है 'सी-विजिल' एप

# टोंक से सबसे ज्यादा आई आचार संहिता उल्लंघन की शिकायतें

बेधड़क | जयपुर




लोकसभा आम चुनाव-2024 में आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन पर कड़ी निगरानी रखने के लिए भारत निर्वाचन आयोग द्वारा बनाए 'सी विजिल' एप शिकायतों के समाधान का बेहतरीन जरिया बनता जा रहा है।

एप के माध्यम से अब तक 681 शिकायते मिली है। जिनमें से 277 का तुरंत समाधान कर दिया गया। मुख्य निर्वाचन अधिकारी प्रवीण गुप्ता ने बताया कि प्रदेश में आदर्श आचार संहिता के लागू होने से अब तक 681 शिकायतें प्राप्त हुई हैं, जिनमें से रिटर्निंग ऑफिसर्स ने 277 शिकायतों को सही पाया और उनका तय समय सीमा में निस्तारण किया गया।

गुप्ता ने बताया कि अवैध पोस्टर-बैनर को लेकर सबसे ज्यादा 326 शिकायतें मिली, जिनमें 234 सही पायी गयी। इसी तरह शराब वितरण की 14 शिकायतों में 2 सही पायी गयी, जिन पर तय वक्त में कार्रवाई की गयी। सी-विजिल पर आदर्श आचार संहिता की सबसे ज्यादा 155 शिकायतें टोंक जिले से प्राप्त हुईं। और सबसे ज्यादा कार्यवाही भी टोंक जिले के रिटर्निंग आफिसर्स ने की। यहां 140 शिकायतों का निस्तारण किया गया। उन्होंने बताया कि इस एप के माध्यम से अधिकतम सौ मिनट की समय सीमा में प्राप्त शिकायतों का समाधान किया जा सकता है। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि अब तक आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन की शिकायतों पर पर्याप्त सबूतों के अभाव में कड़ी कार्रवाई से बच जाते थे। शिकायत के सत्यापन में तस्वीर या वीडियो के रूप में दस्तावेजी साक्ष्य की कमी भी बाधा थी। नया एप इन सभी खाइयों को पाटने का काम कर रहा है। 'सी-विजिल' किसी भी व्यक्ति को आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन की रिपोर्ट करने की अनुमति देता है। आमजन इस एप का इस्तेमाल करके कदाचार की घटना की जानकारी भेज सकता है। सौ मिनट की समय सीमा में अधिकारीगण समस्या का निस्तारण करेंगे। इस एप की सबसे खास बात यह है कि शिकायतकर्ता की पहचान गोपनीय रखी जाने का भी विकल्प है। कोई भी व्यक्ति एन्ड्रॉयड आधारित सी-विजिल एप को गूगल प्ले स्टोर से डाउनलोड कर सकता है।

---

शिक्षा विभाग ने किया नया टाइम टेबल जारी

# अब 30 अप्रैल से शुरू होगी पांचवीं बोर्ड

बेधड़क | जयपुर




प्रारंभिक शिक्षा विभाग ने पांचवीं बोर्ड की परीक्षाओं में बदलाव कर परीक्षा का संशोधित टाइम टेबल जारी किया गया है। दरअसल लोकसभा चुनाव के चलते इस परीक्षा कार्यक्रम में बदलाव किया गया है। बुधवार को शिक्षा निदेशक ने संशोधित टाइम टेबल जारी करने के आदेश किए।

प्रारंभिक शिक्षा विभाग के अधीन संचालित पांचवीं बोर्ड की परीक्षाएं 30 अप्रैल से शुरू होंगी। प्रारंभिक शिक्षा विभाग ने बुधवार को इसको लेकर संशोधित टाइम टेबल जारी कर दिया है। परीक्षा में 14 लाख 70 हजार विद्यार्थी पंजीकृत हैं। दरअसल पूर्व में 15 अप्रैल से परीक्षाएं शुरू होनी थीं, लेकिन लोकसभा चुनाव की तारीख की घोषणा होने के बाद शिक्षा विभाग ने पूर्व में जारी टाइम टेबल के स्थान पर संशोधित टाइम टेबल जारी किया है। बुधवार को पंजीयक शिक्षा विभाग के अधिकारियों की बैठक के बाद शिक्षा निदेशक ने इसको लेकर आदेश जारी किए। पंजीयक बजरंगलाल स्वामी ने बताया कि परीक्षा का संशोधित टाइम टेबल जारी किया गया है। टाइम टेबल के अनुसार 30 अप्रैल को अंग्रेजी और 1 मई को हिंदी की परीक्षा होगी। 2 मई को गणित, 3 मई को पर्यावरण अध्ययन और 4 मई को तृतीय भाषा संस्कृत, उर्दू और अन्य विषय की परीक्षा होगी। पूर्व में परीक्षा का समय सुबह 11 बजे से दोपहर 1:30 बजे तक किया गया था, लेकिन संशोधित टाइम टेबल में परीक्षा के समय में भी बदलाव किया गया है। अब परीक्षा का समय सुबह 8 से 10:30 बजे तक रहेगा। परीक्षा में करीब 14 लाख 70 हजार परीक्षार्थी पंजीकृत हैं। उन्होंने बताया कि परीक्षा से जुड़ी हुई सभी प्रकार की तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है।

---

पीसीपीएनडीटी टीम की गुजरात के साबरकांठा में कार्रवाई

# भ्रूण लिंग परीक्षण करने पर डॉक्टर सहित दो पकड़े

बेधड़क | जयपुर



राज्य पीसीपीएनडीटी प्रकोष्ठ ने बुधवार को गुजरात के साबरकांठा के खेड ब्रह्म में सफल डिकॉय ऑपरेशन किया। टीम ने कार्रवाई करते हुए भ्रूण लिंग परीक्षण में शामिल डॉक्टर और उसके दलाल को गुजरात प्रशासन को अग्रिम कार्रवाई के लिए सुपुर्द किया है।

टीम ने पिछले दिनों पीसीपीएनडीटी सेल जयपुर को उदयपुर संभाग और उसके सीमावर्ती क्षेत्रों में भ्रूण लिंग जांच की सूचना प्राप्त हुई थी। मुखबिर के माध्यम से सूचना की पुष्टि कराई गई। इसके बाद कार्रवाई के लिए अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक, पीसीपीएनडीटी जयपुर के.के. अवस्थी के सुपरविजन में टीम का गठन किया गया। टीम में तीन इंस्पेक्टर गुंजन सोनी, सत्यपाल यादव और प्रीति चेची मौजूद रही। सूचना के अनुसार निरीक्षण दल डूंगरपुर पहुंचा। महिला दलाल द्वारा डूंगरपुर से गर्भवती महिला को भ्रूण लिंग जांच के लिए सीमावर्ती राज्य गुजरात ले जाया जाना था। दलाल महिला ने स्वयं डूंगरपुर नहीं आकर गर्भवती महिला को ही गुजरात के साबरकांठा जिले के खेड ब्रह्म स्थित द्रुपद हॉस्पिटल बुलाया। इसकी जानकारी मिलने पर पीसीपीएनडीटी सेल जयपुर ने गुजरात के अधिकारियों से सम्पर्क किया तथा राजस्थान टीम के सदस्य गुजरात पहुंचे। राजस्थान और गुजरात के संयुक्त दल ने डिकॉय ऑपरेशन कर द्रुपद हॉस्पिटल में डॉ. दक्षा बेन पटेल को भ्रूण लिंग जांच करते हुए पकड़ लिया। आरोपी चिकित्सक एवं दलाल के खिलाफ साबरकांठा के मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी के माध्यम से कार्रवाई की जा रही है। कार्रवाई के दौरान सोनोग्राफी मशीन भी जब्त कर ली गई।

---

भरतपुर में जून, 1992 का कुम्हेर जातीय हत्याकांड मामला

# हाई कोर्ट ने कुम्हेर हत्याकांड के नौ अभियुक्तों की सजा की निलंबित

बेधड़क | जयपुर

राजस्थान हाईकोर्ट ने बहुचर्चित भरतपुर के जून, 1992 के कुम्हेर जातीय हत्याकांड एक फैसला सुनाया है। हाईकोर्ट ने मामले में नौ अभियुक्तों लख्खो, प्रेम सिंह, मानसिंह, राजवीर, प्रीतम, पारस जैन, चेतन, शिव सिंह उर्फ शिब्बो व गोपाल को मिली आजीवन कारावास की सजा निलंबित कर दिया है। साथ ही उन्हें रिहा करने का निर्देश दिया है। जस्टिस इन्द्रजीत सिंह व आशुतोष कुमार की खंडपीठ ने यह आदेश अभियुक्तों की आपराधिक अपील पर सुनवाई करते हुए दिए।

## मामले की एफआईआर में ही नहीं था अभियुक्तों का नाम: अदालत



हाईकोर्ट ने माना कि प्रार्थी अभियुक्तों का नाम मामले की एफआईआर में ही नहीं था और न ही उनकी पहचान हुई थी। इसके अलावा उनसे किसी हथियार की बरामदगी नहीं हुई थी। अपीलों के निस्तारण में समय लगेगा और प्रार्थी अभियुक्त ट्रायल से ही जमानत पर हैं, लिहाजा उनकी उम्रकैद की सजा निलंबित कर उन्हें जमानत पर रिहा करना उचित होगा। अभियुक्तों ने अपील में भरतपुर की एससी-एसटी मामलों की विशेष कोर्ट के 30 सितंबर 2023 के उस फैसले को चुनौती दी थी, जिसमें कोर्ट ने उन्हें हत्याकांड में दोषी करार देते हुए उम्रकैद की सजा सुनाई थी। अभियुक्तों की ओर से अदालत को बताया कि उनका नाम एफआईआर में नहीं था। जिन तीन आरोपियों के नाम चार्जशीट में आए थे, ट्रायल कोर्ट ने उन्हें बरी कर दिया है। अनुसंधान के दौरान शिनाख्त परेड नहीं हुई थी और ऐसे में उनकी पहचान नहीं हुई है। मामले के अधिकतर गवाह पक्षद्रोही हो गए थे और गवाहों ने क्रास परीक्षण में माना कि उन्होंने प्रार्थी अभियुक्तों को पहली बार देखा था। ऐसे में हजारों लोगों की भीड़ में उन्हें पहचानना और उनके नाम पहली ही बार में पता चलना संदेहपूर्ण है। प्रार्थी मामले की ट्रायल के दौरान भी जमानत पर थे और अपील के निस्तारण में समय लगेगा, इसलिए उनकी उम्रकैद की सजा निलंबित करते हुए उन्हें रिहा करने का निर्देश दिया जाए। जिस पर सुनवाई करते हुए खंडपीठ ने उनकी उम्रकैद की सजा निलंबित कर दी।

### जातीय हिंसा में 16 लोगों की गई थी जान

मामले के अनुसार कुम्हेर में 6 जून 1992 को हुई जातीय हिंसा में 16 लोगों की हत्या हुई थी और 30 से ज्यादा लोग गंभीर तौर पर घायल हुए थे। मामले की जांच पहले पुलिस ने की और बाद में इसे सीबीआई को सौंपा गया था। सीबीआई ने मामले के अनुसंधान के बाद 83 आरोपियों के खिलाफ चार्जशीट पेश की। वहीं, 31 साल लंबी चली ट्रायल के बाद एससी-एसटी कोर्ट ने इस मामले में नौ अभियुक्तों को उम्रकैद की सजा सुनाई और 41 आरोपियों को बरी कर दिया था।

## जरूरी खबर

### वरिष्ठ साहित्यकार नन्द भारद्वाज का अभिनंदन



**जयपुर।** प्रतिष्ठित लेखकों और संस्कृतिकर्मियों ने बुधवार को वरिष्ठ साहित्यकार नंद भारद्वाज का अभिनंदन किया। राही सहयोग संस्थान के संयोजक वरिष्ठ साहित्यकार प्रबोध गोविल ने उन्हें शाल ओढ़ाया। इस मौके पर हरिदेव जोशी जनसंचार एवं पत्रकारिता विश्वविद्यालय की कुलपति डॉ. सुधि राजीव, वरिष्ठ पत्रकार लेखक ओम थानवी, प्रो. मोहन श्रोत्रिय, आलोचक राजाराम भादू, लेखक दुर्गाप्रसाद अग्रवाल, प्रो. राम बक्श, लेखिका निरुपमा चतुर्वेदी, कविता मुखर ने नन्द भारद्वाज के साहित्य, उनके जीवन और संवेदनशील पक्ष पर विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम का संचालन नीरज ने किया। युवा चित्रकार प्रजापत ने स्वयं द्वारा तैयार चित्र भारद्वाज को भेंट किया। राजस्थान प्रौढ़ शिक्षण समिति के सचिव राजेन्द्र बोड़ा ने आभार व्यक्त किया।

### जेडीए ने सड़क सीमा से हटाए अतिक्रमण

**जयपुर।** जयपुर विकास प्राधिकरण ने बुधवार को जोन-05, 07 और पीआरएन-नोर्थ व साउथ में नगर निगम के साथ सामूहिक अभियान चलाकर सड़क सीमा से अवैध अतिक्रमण हटा दिया। मुख्य नियंत्रक प्रवर्तन महेन्द्र शर्मा ने बताया कि मानसरोवर से अजमेर रोड़, 200 फीट बाई पास तक 04 किमी. तक फुटपाथ, रोड़ पर दोनो तरफ अवैध रूप से किये गये करीब 125 अतिक्रमणों थडी ठेले, त्रिपाल, होर्डिंग, साइनबोर्ड, चबूतरे, टीनशेड टेबल कुर्सियां इत्यादि अवैध कब्जे-अतिक्रमणों को रोड सीमा को हटाया गया, साथ ही जोन-10 में ईकोलोजिकल जोन कांती नगर सुमेल रोड़ जामडोली के भूखण्ड संख्या-ए-47 में बनी चार मंजिला अवैध बिल्डिंग को भी सील किया गया है।

## शहर के मंदिरों में फागोत्सव की धूम, रंगारंग प्रस्तुतियों के बीच उड़ते रहे फूल और गुलाल

# गणेश और कन्हैया संग भक्तों ने खेली होली

■ मोती डूंगरी गणेश मंदिर और गोविंद देव जी मंदिर में ख्यातनाम कलाकारों ने लगाई हाजिरी, फागोत्सव पर भक्तों में बरसा आनंद

बेधड़क | जयपुर

फाल्गुन माह की एकादशी पर बुधवार को शहर के विभिन्न मंदिरों में फागोत्सव मनाया गया। इस दौरान कलाकारों में भगवान के दरबार में हाजिरी दी और रंगारंग प्रस्तुतियों से प्रभु को रिझाया।

गोविंद देवजी मंदिर में गायक कलाकारों ने भजनों से भक्तों में आनंद बरसाया। भक्तों ने भी गोविंद के साथ होली खेली। मोती डूंगरी गणेश मंदिर में लोक कलाकारों ने होली नृत्य किया। गुलाल एवं फूलों से होली खेली। महंत कैलाश शर्मा के सान्निध्य में भक्तों ने भगवान गणेश के संग गुलाल गोटे से होली खेली। वहीं, ब्रह्मपुरी माउंटरोड स्थित नहर के गणेश मंदिर में फागोत्सव में मुंबई के कथक कलाकार नरेन्द्र कृष्णा गंगानी, रोहित परिहार ने अपनी हाजिरी गणपति के समक्ष दी। महंत पं. जय शर्मा ने बताया कि बड़ी संख्या में भक्तों ने दर्शन किए।



फोटो: राजेश कुमावत

### ये भी पहुंचे फाग में

कार्यक्रम में मालवीयनगर विधायक कालीचरण सराफ, सिविल लाइंस विधायक गोपाल शर्मा, हवामहल विधायक बालमुकुंदाचार्य, पूर्व विधायक अरुण चतुर्वेदी सहित अनेक विशिष्ट लोग भी पहुंचे। कार्यक्रम संयोजक बालकृष्ण बालासरिया और हरि प्रसाद भूत ने दुपट्टा और पगड़ी पहनाकर अभिनंदन किया।





### श्री नहर के गणेश जी में सजाई फागुणिया झांकी

ब्रह्मपुरी माउंट रोड पर स्थित अतिप्राचीन दाहिनी सूंड दक्षिणमुखी श्री नहर के गणेशजी महाराज के मंदिर में बुधवार को पुष्पाभिषेक कर विशाल फागोत्सव मनाया गया। मंदिर युवाचार्य पं. मानव शर्मा ने बताया कि मंदिर महंत पं. जय शर्मा के सान्निध्य में पुष्पाभिषेक करके गणपति महाराज को रंग बिरंगी पौषाक व साफा धारण करवाकर ढफ-चंग पिचकारी और अनेक रंग की गुलाल सहित रंगीन परिधानों से मंदिर गर्भगृह में नयनाभिराम झांकी सजाकर आरती की। मंदिर में गायिका परवीन मिर्जा और सुरभि चतुर्वेदी, गोपालसिंह राठौड़ ने होली के भजनों की प्रस्तुति देकर भक्तों को भावविभोर किया। देश की सुविख्यात नृत्यांगना पद्मश्री गुलाबो सपेरा व उनके साथी कलाकारों ने नृत्य की प्रस्तुति देकर सबको झूमने पर बाध्य कर दिया।

### कथक कलाकारों ने रिझाया गणपति को

सायं आरती के बाद शास्त्रीय कथक नृत्य व गायन - वादन के कार्यक्रम हुए। जिसमें अन्तरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त कथक कलाकार मुंबई के नरेंद्र गंगानी, दिल्ली के रोहित परिहार ने कथक प्रस्तुति देकर भक्तों को आनंदित किया। इनके साथ राहुल कथक और निशित गंगानी ने तबला संगत की प्रस्तति दी, इनके अतिरिक्त जयपुर की शशि संखला, संगीता सिंघल ने अपने शिष्यों के साथ कथक नृत्य किया।

### गोविंद देव जी में मना पुष्प फागोत्सव

आराध्य देव श्री गोविंद देवजी मंदिर बुधवार को पूरी तरह होली के रंग में रंगा नजर आया। फाल्गुन शुक्ला एकादशी पर बालव्यास के सान्निध्य में पुष्प फागोत्सव हुआ, जिसमें कोलकाता के प्रसिद्ध कथाव्यास श्रीकांत शर्मा ने एक से बढ़कर एक राजस्थानी भजनों की ऐसी मधुर तान छेड़ी कि सभी श्रोता कार्यक्रम के आरंभ से समापन तक नाचते ही रहे। जयपुर, कोलकाता और शेखावाटी के कलाकारों ने तीन घंटे तक मंत्रमुग्ध करने वाली प्रस्तुतियों से श्रद्धालुओं को भक्ति की डोर से बांधे रखा। गणेश वंदना और मंगलाचरण के बाद पुष्प फागोत्सव परवान चढ़ना शुरू हुआ। फूलों और इत्र की खुशबू से महकते और श्रद्धालुओं से खचाखच भरे सत्संग भवन में श्रीकांत शर्मा ने उड़ती कुरजलिया संदेशो म्हारो लेती जाइ ज्ये रे...जैसे भजनों की कर्णप्रिय प्रस्तुतियां दीं। कोलकाता से आईं प्रियंका कुमावत, श्वेता कुमावत, विष्टी जैन, सीमा जैन, दिव्या, नेहा ने राधा-कृष्ण और सखियों के स्वरूप में भजनों के बोल के अनुरूप कायिक और आंगिक अभिनय से मन जीत लिया। भजनों की स्वर लहरियों पर इन्होंने सुंदर नृत्य प्रस्तुत कर जमकर तालियां बटोरी।

### फाग रास व मयूर नृत्य ने मोहा मन

राधिका कल्चरण सोसायटी की रेखा सैनी के निर्देशन में एक दर्जन से अधिक युवतियों ने विभिन्न भजनों पर भाव प्रवण कर नृत्य किया। विराट कृष्ण और अन्य आठ कलाकारों ने प्रस्तुति दी। वहीं शेखावाटी के कलाकारों ने धमाल की प्रस्तुति देकर माहौल को फाल्गुनी बना दिया।

सच बेधड़क
दैनिक हिन्दी अख़बार
आपके दिल की बात अब आपके अखबार के माध्यम से...
अख़बार में प्रकाशन के लिए ख़बर, विज्ञप्ति, कार्यक्रम की सूचना आलेख एवं अपनी मौलिक रचनाएं
news@sachbedhadak.com
पर E- Mail करें।

## सच बेधड़क के फाउंडर विनायक शर्मा का सम्मान

# फागोत्सव से बढ़ता है प्रेम-भाईचारा

बेधड़क | जयपुर

श्री नहर के गणेश जी महाराज मंदिर में आयोजित फागोत्सव कार्यक्रम में सच बेधड़क मीडिया ग्रुप के फाउंडर और एडिटर इन चीफ विनायक शर्मा ने भी शिरकत की। इस दौरान विनायक शर्मा का मंदिर के महंत पंडित जय शर्मा और युवाचार्य पंडित मानव शर्मा ने दुपट्टा ओढ़ाकर सम्मान किया। इस मौके पर महंत पंडित जय शर्मा ने कहा कि तीज और त्योहारों पर इस तरह के आयोजन से लोगों में प्रेम और



भाईचारा बढ़ता है। इस मौके पर आरएसएस के वरिष्ठ प्रचारक क्षेत्रीय प्रौढ़ प्रमुख कैलाश चंद्र भी मौजूद रहे।

## दौलतपुरा थाना पुलिस की कार्रवाई

# पुलिस ने एक करोड़ की अवैध शराब पकड़ी

बेधड़क | जयपुर

राजधानी में बुधवार को दौलतपुरा थाना पुलिस ने ट्रक से एक करोड़ रुपए की अवैध शराब जब्त की है। पुलिस ने ट्रक ड्राइवर को गिरफ्तार कर लिया है। ड्राइवर ने पुलिस को बताया कि वह इस ट्रक को गुजरात और मुंबई ले जा रहा था। चालक से पूछताछ की जा रही है।

पुलिस आयुक्त बीजू जार्ज जोसेफ ने बताया कि लोकसभा आम चुनाव 2024 को देखते हुए अवैध मादक पदार्थ व अवैध शराब के परिवहन और वितरण की



रोकथाम के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसमें एक राज्य से दूसरे राज्य में अवैध रूप से शराब परिवहन व विक्रय को रोकने और धड़ पकड़ की कार्यवाही करने के निर्देश दिए हुए हैं। एनएच 48 एक्सप्रेस वे पर मुखबिर खास से प्राप्त सूचना मिलने पर दिल्ली की ओर से आ रहे यूपी नंबर के ट्रक को चैक किया गया। ट्रक ड्राइवर ने बिजली का सामान भरा होना बताया। मगर पुलिस ने सख्ती से पूछताछ की तो ट्रक ड्राइवर ने अवैध अंग्रेजी शराब होना बताया। इस पर ट्रक को चैक कर अंग्रेजी शराब के 865 कार्टून में करीब 1 करोड़ रुपए कीमत की अवैध शराब बरामद की। इसके बाद ट्रक को अवैध शराब से साथ जब्त कर लिया गया। ट्रक चालक विक्रमजीत सिंह को गिरफ्तार किया गया। चालक ने बताया कि वह ट्रक को पंजाब से गुजरात-मुंबई लेकर जा रहा था।

## स्कूल लेक्चरर हिंदी परीक्षा 2022

# फर्जी तरीके से मेरिट में स्थान पाने वालीं दो अभ्यार्थियों को किया गिरफ्तार

बेधड़क | जयपुर

आरपीएससी द्वारा आयोजित कराई गई स्कूल लेक्चरर हिंदी प्रतियोगी परीक्षा 2022 एसओजी की रडार पर है। एसओजी ने बुधवार को परीक्षा में 7 और 36 मैरिट हासिल करने वाली दो अभ्यर्थियों को गिरफ्तार किया हैं।

इन के खिलाफ अजमेर में सिविल लाइन थाने में वर्ष 2024 में एफआईआर दर्ज हुई थी। इसकी जांच करते हुए एसओजी ने दोनों अभ्यर्थियों को बुधवार को गिरफ्तार किया है। एडीजी एसओजी वीके सिंह ने बताया कि आरपीएससी द्वारा आयोजित स्कूल लेक्चरर (हिन्दी) प्रतियोगी परीक्षा-2022 में पूर्णतया अनुचित तरीके अपनाने के संबंध में दो एफआईआर दर्ज हुई




थी। यह दोनों एफआईआर पुलिस थाना सिविल लाइन, अजमेर में दर्ज करवाई गई थी। इनमें सांचोर जिले की कमला कुमारी ने मुख्य सूची में मेरिट नम्बर 7 हासिल की और जालैर की ब्रह्मा कुमारी ने मुख्य सूची में मेरिट नम्बर 36 हासिल की। इस पर मामला सामने आने पर दोनों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है।

### फर्जी डिग्री कर पाई थी नियुक्ति

अब तक की जांच में सामने आया है कि अभ्यर्थी कमला कुमारी बिश्नोई ने ऑनलाइन आवेदन के समय एमए (हिन्दी) की वर्धमान महावीर खुला विश्वविद्यालय, कोटा की डिग्री होना अंकित किया, लेकिन नियुक्ति के समय मेवाड़ विश्वविद्यालय गंगरार, चित्तौड़गढ़ की फर्जी एमए की डिग्री प्रस्तुत की। इसी तरह ब्रह्मा कुमारी ने भी समान अनुचित तरीके अपना कर नियुक्ति प्राप्त की। दोनों की गिरफ्तारी कर दोनों को कोर्ट में पेश कर रिमांड पर लेकर पूछताछ की जा रही है।

### पेपरलीक कर पास हुई एक महिला एसआई को मिली जमानत

वहीं, सब इंस्पेक्टर भर्ती 2021 पेपर लीक मामले में गिरफ्तार 14 ट्रेनी सब इंस्पेक्टर (एसआई) में से एक को बुधवार को जमानत मिल गई। 14 एसआई में से 12 ने कोर्ट से जमानत मांगी थी, लेकिन कोर्ट ने 11 आरोपियों की जमानत अर्जी खारिज कर दी। केवल ट्रेनी सब इंस्पेक्टर चंचल विश्नोई को कोर्ट ने जमानत पर रिहा करने का आदेश दिया है। मुख्य मजिस्ट्रेट महानगर द्वितीय पूनाराम गोदारा ने यह आदेश दिए हैं। बाकी सभी को 3 अप्रैल तक जेल भेज दिया गया है।

### तीन माह की बेटी की तबीयत खराब होने का दिया था हवाला

दरअसल, चंचल विश्नोई के तीन माह की बेटी है, जो पिछले 3 दिन से जोधपुर में अस्पताल में भर्ती है। आरोपी की ओर से कहा गया था कि कस्टडी में होने के कारण वह बच्ची को फीडिंग नहीं करा पा रही है। इससे बच्ची की तबीयत खराब हो गई। आरोपी की ओर से कोर्ट में बच्ची के भर्ती होने से संबंधित दस्तावेज भी पेश किए गए। आरोपी की ओर से कोर्ट में सुप्रीम कोर्ट और विभिन्न हाई कोर्ट के जजमेंट पेश करके कहा गया कि इस तरह की परिस्थिति में ट्रायल कोर्ट आरोपी की जमानत ले सकती है।

### चंचल के पिता का अहसान चुकाने को फ्री में किया था पेपरलीक

चंचल विश्नोई बहुचर्चित दिनेश मांजू हत्याकांड के आरोपी हिस्ट्रीशीटर श्रवण बाबल (विश्नोई) की बेटी है, जो जगदीश के दिए हुए पेपर से पास हुई थी। जगदीश विश्नोई ने चंचल के पिता का एहसान चुकाने के लिए फ्री में पेपर उपलब्ध करवाया था। श्रवण ने जगदीश विश्नोई की जोधपुर में करोड़ों की प्रॉपर्टी पर से भूमाफिया का कब्जा छुड़वाया था। मदद करने के बाद श्रवण ने जगदीश को बताया कि उसकी बेटी चंचल विश्नोई की वो सरकारी नौकरी लगवाना चाहता है। इस पर जगदीश ने वादा किया था कि इस बार वो उसकी बेटी की सरकारी नौकरी लगवा देगा।

## जरूरी खबर

### सामूहिक दुष्कर्म का मुख्य इनामी आरोपी गिरफ्तार



**दौसा**। जिले में चलाये जा रहे अभियान के अंतर्गत थाना बसवा पुलिस की टीम ने बड़ी कार्रवाई कर सामूहिक दुष्कर्म के मामले में 11 साल से फरार चल रहे मुख्य अभियुक्त सुमेर सिंह गुर्जर पुत्र श्रीनारायण (33) निवासी प्रेमपुरा थाना टहला जिला अलवर को गिरफ्तार किया है। टॉप 10 वांछित की श्रेणी में शुमार आरोपी पर पांच हजार का इनाम घोषित है। एसपी रंजीता शर्मा ने बताया कि 2 मई 2013 को पीड़िता ने आरोपी सुमेर सिंह, महेश व उदय सिंह के विरुद्ध गैंगरेप एवं अश्लील वीडियो वायरल करने का मुकदमा दर्ज कराया था।

### पुलिस ने पकड़ी करोड़ों की नशीली दवाइयां

**जालौर**। पुलिस ने नशीली दवाईयों के मामले में तीन जनों को पकड़ा है। नशीली दवाइयों के सरगना रामसागर थाना मण्डोर जोधपुर निवासी सुरेश भार्गव पुत्र मांगीलाल को गिरफ्तार किया गया है। आरोपी की सूचना पर पुलिस ने करोड़ों रुपए कीमत की कुल 6 लाख 46 हजार 700 प्रतिबंधित टेबलेट जब्त की है। जालौर एसपी ज्ञान चन्द्र यादव ने बताया कि पुलिस ने इंदिरा कॉलोनी स्थित मां आशापुरी पोसिस नाम के कारखाने में दबिश देकर आरोपी योगेंद्र चौहान पुत्र माणक चंद के पास से 6 लाख 45 हजार 200 नशे की टैबलेट तथा थाना विवेक विहार पुलिस ने गांव मोगड़ा में महेंद्र पटेल के पास से 1500 नशीली टैबलेट बरामद की। दोनों आरोपियों को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है।

### बसपा ने तीन लोकसभा सीटों के दिए टिकट




**जयपुर**। बहुजन समाज पार्टी ने तीन और लोकसभा सीटों पर बुधवार शाम प्रत्याशियों के नाम की घोषणा की। पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष भगवान सिंह बाबा ने बताया कि जालोर-सिरोही से लाल सिंह राठौड़, भरतपुर से इंजीनियर अंजला और कोटा-बूंदी से भीमसिंह कुंतल को प्रत्याशी बनाया गया है। जाहिर है कि साल 2019 के लोकसभा चुनाव में बहुजन समाज पार्टी प्रदेश में बेहतर प्रदर्शन नहीं कर पाई थी। पार्टी को तब 1.07% प्रतिशत यानी 3 लाख 48 हजार 678 वोट ही मिल सके थे।

### होली के त्योहार पर बाजारों में रंग-गुलाल, पिचकारी और अन्य प्रोडक्ट्स की भरमार

# पीएम मोदी- सीएम योगी के फोटो वाले आइटम्स की डिमांड

**बेधड़क** | कोटा

होली के त्योहार के नजदीक बाजारों ने रौनक पकड़ ली है। इसकी तैयारी को लेकर बाजार सज गए हैं। लोकसभा चुनाव की रणभेरी भी बज चुकी है। ऐसे में होली के त्योहार पर भी राजनीतिक रंग चढ़ गया है।

पिचकारी से लेकर कई तरह के प्रोडक्ट्स बाजार में आए हैं। इस बार खास पिचकारियों में नेताओं की फोटो वाली पिचकारी भी बाजार में आई है, जिनमें केवल भाजपा और उनसे जुड़े प्रोडक्ट्स ही बाजार में मिल रहे हैं और उनकी डिमांड भी है। गौरतलब है कि इस बार 24 तारीख को होलिका दहन और 25 अप्रैल को धुलंडी का पर्व पूरे देश में मनाया जाएगा। बाजार में योगी-मोदी वॉटर टैंक और पंप बड़ी मात्रा में बिक रहे हैं। श्रीपुरा सब्जी मंडी में जीएमए प्लाजा के नजदीक पिचकारी के थोक व्यापारी हेमंत कुमार खटवानी का कहना है कि सब तरह के पिचकारी मार्केट में नजर आ रहे हैं। छोटे से लेकर बड़े पंप भी हैं।




यहां तक कि 7 से 8 लीटर तक क्षमता वाले भी टैंक मौजूद हैं, जिन्हें एक बार भरने के बाद बच्चा एक से डेढ़ घंटे तक उपयोग कर सकता है। उनका कहना है कि भाजपा के पंप और टैंक आए हुए हैं। उनकी काफी डिमांड थी और इनकी बिक्री भी हुई है। इसके अलावा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मास्क, उनका फोटो लगी शर्ट के भी काफी डिमांड थी। इसके अलावा केप, कलर और अन्य कई प्रोडक्ट भी आए हैं। मोदी के पिचकारियों की बात की जाए तो हर छोटी से बड़ी पिचकारी है, जिसमें 50 से लेकर 400 रुपए तक की पिचकारी उपलब्ध है। टी-शर्ट 150 से लेकर 300 रुपए तक की मिल रही है।

बीजेपी का एक बड़ा पंप आया है, उसकी भी काफी डिमांड है। वह पंप करीब 200 रुपए के आसपास का है। हालांकि, राजस्थान में बिक रही पिचकारियों में स्थानीय नेताओं चित्र नहीं है।

केवल प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का ही फोटो इसमें है। जितने भी तरह की पिचकरियां उपलब्ध हैं, सभी में यह दोनों फोटो ही नजर आ रहे हैं।

#### मोदी और भाजपा की ही डिमांड

हेमंत कुमार खटवानी का कहना है कि भाजपा के अलावा अन्य पार्टियों की पिचकारी और प्रोडक्ट हमारे पास नहीं हैं। केवल मोदी सरकार और भाजपा की ही डिमांड है। वहीं, हमने दिल्ली में पता भी किया था, वहां पर बने भी नहीं हैं। हम दिल्ली और मेरठ से माल लाते हैं। दोनों ही जगहों पर यह नहीं थे। करीब सात-आठ जगहों से माल खरीदा, लेकिन कहीं भी यह माल नहीं था। जबकि होली के हिसाब से काफी सामान है, जिनमें बैलून व स्प्रे भी बिक रहे हैं।

#### इस बार सामान्य पिचकारी की मांग

रामपुरा में पिचकारी के थोक व्यापारी नरेश माखीजा की जगह कहना है कि इस बार बीते साल की अपेक्षा पिचकारी की डिमांड काफी कम है। महज 50 फीसदी ही डिमांड मार्केट में नजर आ रही है। इसी के चलते पिचकारियों के दाम भी नहीं बढ़े हैं। साथ ही उनका कहना है कि उनके पास केवल योगी और मोदी के पोस्ट लगी पिचकारी ही आई थी, जिसका उन्होंने पूरा बेचान कर दिया है। हालांकि, बड़ी संख्या में माल अभी भी उनके पास पड़ा हुआ है।

### फाल्गुन एकादशी पर 15 लाख भक्त पहुंचे खाटूश्यामजी

# श्याम सलोने की झलक पाने के लिए उमड़ा भक्तों का सैलाब

**बेधड़क** | खाटूश्यामजी (सीकर)

■ रथयात्रा पर सोने का मुकुट व बैंगनी बाना पहन दर्शन देने पहुंचे बाबा



खाटूश्यामजी में बाबा श्याम का वार्षिक लक्खी मुख्य मेला बुधवार को फाल्गुन शुक्ल एकादशी के मौके पर धूमधाम से भरा। मेले में भक्तों का भारी हुजूम उमड़ा। मेले पर सतरंगी फूलों से बाबा का अलौकिक श्रृंगार हुआ। मेले के मौके पर बाबा के दर्शनों के लिए देश प्रदेश से बड़ी संख्या में श्रद्धालु खाटू नगरी पहुंचे। अपने आराध्य बाबा श्याम की एक झलक पाने के लिए लाखों की संख्या में सर झुकाया।

वहीं मेले पर रींगस से लेकर खाटू श्याम जी के बीच करीब 17 किलोमीटर की दूरी पर पैदल यात्रियों का जत्थे का नजारा देखा गया। वहीं सालों पुरानी परंपरा के अनुसार बाबा श्याम भक्तों को दर्शन देने के लिए सोने के मुकुट व रत्न जड़ित हल्के बैंगनी बाने में सलोने श्याम ने जब सज-धज कर दहलीज लांघकर रथ यात्रा के जरिए भक्तों को दर्शन दिए। उड़ते रंग-गुलाल व बरसते फूलों के बीच बाबा श्याम की एक झलक पाने व उनके रथ को छूने के लिए उनमें होड़ सी मच गई। इस दौरान मंदिर में भी बाबा श्याम का कलकत्ता के रंगीन फूलों व ड्राई फ्रूट से विशेष श्रृंगार किया गया। जो देखते ही श्रद्धालुओं का मन मोह रहा था। मेले का समापन गुरुवार को सूरजगढ़ के निशान के साथ होगा। रथयात्रा शुरू होने के बाद मंदिर के सामने और हॉस्पिटल चौराहा के पास पुलिस ने रथयात्रा की तरफ जा रहे श्रद्धालुओं को हल्का बल प्रयोग कर हटाया।

हॉस्पिटल चौराहे के पास 2 महिलाएं रथ के पास गिर गईं, उन्हें उठाया गया। रथ में मोहनदास महाराज और सेवक परिवार के लोग बैठे थे। यात्रा ने करीब 1 घंटे तक भ्रमण किया। मंदिर कमेटी के अध्यक्ष प्रताप सिंह के अनुसार 9 दिन के मेले में अब तक 20 लाख से ज्यादा श्रद्धालु बाबा श्याम की दर्शन कर चुके हैं। वहीं, ग्यारस वाले दिन देशभर से करीब 15 लाख श्रद्धालु पहुंचे।

#### सीसीटीवी व ड्रोन कैमरों से की निगरानी

एकादशी का मुख्य मेले पर लखदातार के दरबार में आस्था का सैलाब नजर आया। कस्बे की हर गली में श्याम के जयकारे लगाते हुए भक्त मुख्य मंदिर तक पहुंचते रहे। इस दौरान सुरक्षा के भी व्यापक का इंतजाम रहे। जिले का प्रशासनिक अमला मेले के दौरान खाटू में ही मौजूद रहा। कलेक्टर कमर उल जमान चौधरी और एसपी भुवन भूषण यादव खाटूश्याम जी में व्यवस्थाओं पर नजर बनाए हुए रहे। शहर के प्रत्येक पॉइंट पर सीसीटीवी कंट्रोल रूम से नजर बनी रही। प्रशासन के अनुमान के मुताबिक करीब 15 लाख श्रद्धालु बाबा श्याम के दर्शन बुधवार को पहुंचे। मेले में 5 हजार पुलिसकर्मी, 350 सीसीटीवी कैमरे और 16 ड्रोन कैमरों से निगरानी रखी गई। सादा वर्दी में भी तैनात पुलिसकर्मियों के अलावा ईआरटी और एसडीआरएफ के जवानों को भी तैनात किया गया।

#### भक्त ने भेंट किया 100 किलो की चांदी का रथ, करीब 1 करोड़ रुपए है कीमत

जयपुर से 100 किलो चांदी से तैयार किया गया रथ लेकर बाबा श्याम के भक्त खाटू धाम पहुंचे हैं। बताया जा रहा है कि चांदी से तैयार इस रथ की कीमत करीब 1 करोड़ रुपए है। खाटू तक अपनी धार्मिक यात्रा करने वालों में सिर्फ पद यात्री ही शामिल नहीं है, बल्कि दंडवत यात्रा करते हुए भी श्रद्धालु अपनी मन्नत पूरी होने पर श्याम दरबार में हाजिरी लगाने पहुंचे। दिल्ली से आए श्रद्धालु ने मन्नत पूरी होने पर यहां पीठ के बल पर चलकर रींगस से खाटू तक का सफर तय किया। वहीं, मध्य प्रदेश से आए एक श्रद्धालु करीब 1300 कीलों से तैयार किए गए पट्टे पर पेट के बल लेटकर खाटू श्याम जी का सफर पूरा किया।





### NDPS एक्ट में मामला दर्ज, एक गिरफ्तार

# 35 लाख की कीमत का अवैध डोडा चूरा किया जब्त



**बेधड़क** | डीडवाना

आगामी लोकसभा चुनाव को पुलिस व सुरक्षा एजेंसियों ने मोर्चा संभाल लिया है। पुलिस ने अवैध मादक पदार्थों की तस्करी के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए फरड़ोद में बामुण्डा तालाब के अंगोर से 35 लाख की कीमत का 234 किलो 870 ग्राम डोडा पोस्त चूरा जब्त कर एक आरोपी को गिरफ्तार किया।

जानकारी के अनुसार पिछले एक सप्ताह के दौरान थाना रोल क्षेत्र से करीब 1 करोड़ रुपए की कीमत के अवैध मादक पदार्थ जब्त किए गए हैं। जिला पुलिस अधीक्षक नारायण टोगस ने बताया कि आगामी लोकसभा चुनावों के मध्येनजर अवैध मादक पदार्थों की रोकथाम को लेकर दिए गए। निर्देशों की पालना में प्रशिक्षु आईपीएस अमित जैन के निकटतम सुपरविजन में रोल थानाधिकारी हरिकृष्ण तंवर की टीम की ओर से अवैध मादक पदार्थों की तस्करी के विरूद्ध बड़ी कार्रवाई करते हुए आरोपी प्रेमाराम (27) पुत्र दुलाराम गुर्जर को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 234.870 किलोग्राम डोडा पोस्त चूरा जब्त किया गया। जब्तशुदा डोडा पोस्त की बाजार कीमत 35 लाख 23 हजार 50 रुपए आंकी गई है। एसपी नारायण टोगस ने बताया कि यह माल कहां पर सप्लाई होना था। इस संबंध में उससे पूछताछ की जा रही है। शुरुआती तौर पर उसने बताया है कि यह माल उसने जिले से बाहर भेजने की बात कही थी। बाद में आरोपी ने पूरा माल आसपास के क्षेत्र में ही बेचने की बात कही और कहा कि जोधपुर जिले से खरीद कर लाया था। एसपी ने कहा कि एनडीपीएस एक्ट में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। आगे की जांच की जा रही है।

## हादसे में बुजुर्ग की मौत बाइक सवार युवक घायल

**चाकसू**। चाकसू थाना अंतर्गत बुधवार को बाइक सवार दो जनों को अज्ञात वाहन ने सामने से टक्कर मार दी। जिससे बाइक पर चालक रेवडमल सकुशल हैं, जबकि पीछे बाइक पर बैठकर चाकसू कृषि मंडी आ रहें बुजुर्ग व्यक्ति की घटना में मौत हो गई।

जानकारी के अनुसार मृतक का भाई लोडया मीणा ने पुलिस में घटना की रिपोर्ट पेश कर बताया कि मेरा बड़ा भाई ग्यारसीलाल मीणा (68) पुत्र घासीलाल मीणा निवासी ग्राम बाड रामपुरा दतवास जिला टोंक से कृषि मंडी चाकसू के लिए आ रहा था, जो मंडालियां मैदा गांव के पास किसी अज्ञात वाहन की टक्कर मारने से सड़क पर गिर गया और सिर में चोट लगने के कारण इलाज दौरान मौत हो गई। थानाधिकारी कैलाश दान ने बताया कि हादसे के बाद परिजन घायल को निजी वाहन से उपजिला अस्पताल चाकसू लेकर पहुंचे थे, जहां चिकित्सकों ने बुजुर्ग ग्यारसीलाल को मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों के सुपुर्द कर दिया। वहीं घटना की रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू करदी हैं।

### परिजनों ने किया प्रदर्शन

# घर के बाहर से डेढ़ साल के मासूम का किडनैप कर उतारा मौत के घाट

**बेधड़क** | अजमेर

केकड़ी जिले के बोराडा थाना इलाके के ढ़िगारिया तेलियान गांव में घर के बाहर अपनी बहन के साथ खेल रहे भाई को बाइक पर दो अज्ञात लोगों के द्वारा किडनेप कर हत्या का मामला सामने आया है।

घटना के बाद रोते हुए बच्ची ने पूरा घटनाक्रम अंदर काम कर रही मां को बताया। घर में कोहराम मच गया इसके बाद मंगलवार शाम गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई गई। पुलिस ने सर्च अभियान चलाया तो आज बुधवार दोपहर 12 बजे गांव के पास जंगल में डेढ़ साल के मासूम की लाश मिली। परिजनों ने पहले शव को उठाने से इनकार कर दिया। पुलिस व प्रशासन की समझाइश के बाद माने। बोराड़ा



एसएचओ धर्मपाल मीणा के अनुसार 19 मार्च को ढ़िगारिया तेलियान गांव में गिरीराज जाट के डेढ़ साल के बेटे कानाराम की किडनैपिंग की सूचना मिली थी। इस दौरान बुधवार को बरोल रास्ते पर खेत में काम कर रहे लोगों को बालक का शव दिखाई दिया। मामले की जानकारी मिलते ही आला अधिकारियों को सूचित किया था। केकड़ी SP विनीत कुमार बंसल, पुलिस उपाधीक्षक हर्षित शर्मा, एडिशनल एसपी रामचंद्र नायक, तहसीलदार हरि सिंह और सरपंच रामरतन ढिगारिया गांव पहुंचे। यहां परिजनों ने शव उठाने से इनकार कर दिया। इसके बाद समझाइश कर बोराड़ा थाने में डॉक्टर्स की टीम से शव का पोस्टमॉर्टम करवाया और शव परिजनों को सौंप दिया।

पुलिस हत्यारों की तलाश में जुटी है। पिता गिरिराज जाट ने बताया कि मंगलवार शाम 4 बजे बेटा कानाराम और बेटी घर के बाहर खेल रहे थे। इसी दौरान 2 अज्ञात युवक आए और बेटे को जबरदस्ती बाइक पर बैठा कर ले गए थे। वहीं मामले में एसपी विनीत कुमार बंसल ने कहा कि हत्यारों की गिरफ्तारी के लिए तलाश जारी है।

## कोचिंग छात्रा के किडनैप का मामला निकला झूठा

**कोटा**। शहर के विज्ञान नगर इलाके से कोचिंग छात्रा का किडनैप करने का मामला झूठा निकला है। छात्रा ने दोस्तों के साथ मिलकर इसकी साजिश रची थी। बदमाशों ने लड़की के पिता के वॉट्सऐप नंबर पर लड़की की फोटो भेजकर किडनैप की जानकारी दी थी।

फोटो में लड़की के हाथ-पैर और मुंह बंधे हुए थे। उसे छोड़ने के एवज में 30 लाख रुपए की फिरौती मांगी गई थी। गौरतलब है कि कोटा में नीट की तैयारी कर रही काव्या धाकड़ (20) का किडनेप का मामला सोमवार को सामने आया था। वह मूल रूप से शिवपुरी (एमपी) के बैराड़ की रहने वाली है।

किडनैपर ने छात्रा के पिता रघुवीर धाकड़ को मैसेज कर फोटो भेजा था। एसपी अमृता दुहान ने बताया कि मामले में हर फैक्ट को चेक करने के बाद क्लियर हो गया है कि छात्रा के साथ कोई वारदात नहीं हुई है। छात्रा विदेश जाना चाहती थी। उसने अपने दो दोस्तों के साथ मिलकर किडनेप की कहानी रची थी। पुलिस ने उनसे अपील की है कि वह जहां भी पुलिस से संपर्क कर सामने आए। एक लड़के को इस मामले में राउंडअप कर लिया गया है।

लड़का इंदौर का ही रहने वाला है। हालांकि मामले में पुलिस ने सुरक्षा कारणों से लड़के का नाम जाहिर नहीं किया है। एसपी ने बताया कि छात्रा तब से ही इंदौर में थी। जो फोटो उसके पिता को भेजे गए थे, छात्रा के वो फोटो उसके दोस्त के ही मकान की रसोई में लिए गए थे और भेजे गए थे।

#### मंगलवार रात तक इंदौर थी छात्रा

एसपी ने बताया कि छात्रा के पकड़े गए साथी से पूछताछ में सामने आया कि छात्रा मंगलवार रात तक इंदौर में ही थी। 17 मार्च को छात्रा जयपुर में थी, 18 को फिर इंदौर गई। वहां से फोटो लेकर छात्रा के पिता को भेजे। मंगलवार रात तक छात्रा इंदौर में थी।

## दिल्ली पब्लिक स्कूल में आयोजित हुआ ओरिएंटेशन प्रोग्राम

# स्टूडेंट्स के अभिभावकों ने समझा आधुनिक शिक्षा प्रणाली का गणित

**बेधड़क** | जयपुर

भांकरोटा स्थित दिल्ली पब्लिक स्कूल में बुधवार को ओरिएंटेशन प्रोग्राम का आयोजन किया गया। स्कूल परिसर में आयोजित हुए इस ओरिएंटेशन प्रोग्राम में स्टूडेंट्स अपने माता-पिता के साथ शामिल हुए।



यह कार्यक्रम मुख्य रूप से कक्षा 9, 10 और 11वीं में आए स्टूडेंट्स के अभिभावकों के लिए रखा गया था। कार्यक्रम में स्कूल प्रिंसिपल डॉ. ऋचा प्रकाश घोष ने अभिभावकों का स्वागत कर स्टूडेंट्स की उपलब्धियां बताईं। इसके साथ ही नई शिक्षा प्रणाली के बदलावों पर विस्तार से जानकारी दी और चर्चा की। उन्होंने स्टूडेंट्स के बीच अनुशासन सुनिश्चित करने के लिए अभिभावकों के साथ मिलकर काम करने की बात पर बल दिया। प्रिंसिपल ने बताया कि बच्चों के साथ साथ उनके माता -पिता के लिए खास तौर पर ये कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिससे बच्चों के माता-पिता भी शिक्षा की बदलती प्रणाली को समझते हुए अपने बच्चों की समय-समय पर मदद कर सकें।

### छात्रों को बताया स्पोर्ट्र्स का महत्व

देवयानी जयपुरिया टेनिस अकादेमी के परामर्श दाता अंतर्राष्ट्रीय टेनिस खिलाडी जीशान अली ने इस सत्र में भाग लेकर अभिभावकों को अकादमी के महत्व से अवगत कराया। इसके साथ ही टीचर्स ने अभिवावकों को सीबीएसई रजिस्ट्रेशन, अंक योजना, अलग-अलग गतिविधियों के बारे में जानकारी दी। देवयानी जयपुरिया स्पोर्ट्स अकादमी की प्रवेश प्रक्रिया और उससे स्कूल के स्टूडेंट्स को मिलने वाले लाभों के विषय में बताया। कॅरिअर काउंसिलिंग में स्टूडेंट्स को अपनी प्रोफाइल किस तरीके से तैयार करनी चाहिए ये बताया गया। कार्यक्रम में एनसीसी की महत्ता के बारे में भी बताया गया। इसके साथ ही कुछ इंटीग्रेटेड प्रोग्राम के बारे में भी अभिभावकों को जानकारी दी गई।



## Yuva स्टोरीज



### स्नातक समारोह में नन्हे बच्चों ने पहने गाउन

**जयपुर।** सिरसी रोड स्थित ऑरोबिन्दो इंटरनेशनल स्कूल में किंडर गार्डन स्टूडेंट्स के लिए स्नातक समारोह का भव्य आयोजन किया गया। इस दौरान नन्हे मुन्ने बच्चों ने गाउन पहन कर विभिन्न एक्टिविटीज के जरिए अपनी क्रिएटिविटी का परिचय दिया। स्कूल की प्रिंसिपल करुणा नागपाल ने इस अवसर पर संबोधित करते हुए कहा कि नन्हे बच्चों के जीवन में नई दिशा को तय करने का यह समय बेहद महत्वपूर्ण होता है, ऐसे में उनके जीवन में नव प्रकाश एवं ऊर्जा भरने के उद्देश्य से इस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर स्कूल के निदेशक डॉ. भारत पाराशर ने बच्चों की क्रिएटिविटी की तारीफ की। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में बच्चों का स्किल्ड होना बेहद जरूरी है, जिसकी शुरूआत स्कूल से ही होती है।



### छात्राओं ने शैक्षणिक भ्रमण में देखा पुष्कर

**जयपुर।** गांधीनगर स्थित राजकीय महिला पॉलिटेक्निक महाविद्यालय की कॉमर्शियल आर्ट विभाग की 42 छात्राएं और संकाय सदस्य, डिग्री कोर्सेज की 20 छात्राएं व स्टाफ सदस्यों ने एक दिवसीय शैक्षणिक भ्रमण में तीर्थराज पुष्कर के विभिन्न स्थानों का अवलोकन किया। छात्राओं ने यहां पुष्कर सरोवर, ब्रह्मा मंदिर, बाजार और नेशनल सैंड आर्ट पार्क, कैमल सफारी का आनंद लिया। यहां पर छात्राओं ने फोटोग्राफी की और सैंड आर्ट की बारीकियों को जाना। छात्राओं ने नेशनल लेवल के सैंड आर्टिस्ट अजय रावत से इसके बारे में जानकारी ली और उनकी कला को देख सभी ने उनकी कला की तारीफ की। इस दौरान सभी ने शैक्षणिक भ्रमण का भरपूर आनंद लिया। कॉमर्शियल आर्ट की विभागाध्यक्ष संजुक्ता, प्रवक्ता सुषमा चौहान, डॉ. सुरेंद्र सोनी, नीतिका बागपतिया, पूनम झींझा और डिग्री कोर्स के नोडल प्रभारी अमित कुमार, रेखा विजयवर्गीय और रितु अग्रवाल इस भ्रमण के दौरान मौजूद रहे।

### SUPW कैम्प का समापन फागोत्सव मनाया




**जयपुर।** दिल्ली रोड कूकस स्थित जयपुर कॉलेज ऑफ एजुकेशन एण्ड साइंस में सात दिवसीय समाजयोपयोगी उत्पादन कार्य शिविर का समापन बुधवार को हुआ। इस अवसर पर संस्थान में फागोत्सव का आयोजन भी किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में डॉ. सुनीता जोशी उपस्थित रही। विधार्थियों द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए तथा फूलों की होली मनाई गई। महाविद्यालय प्राचार्या डॉ. मधुबाला शर्मा ने SUPW कैम्प के उद्देश्य एवं फागोत्सव के महत्व के बारे में बताया।

## वीजीयू में स्वैच्छिक रक्तदान शिविर

# 'रक्तदान कर निभाएं सामाजिक सरोकार'



**बेधड़क** | जयपुर

विवेकानंद ग्लोबल यूनिवर्सिटी में जयपुर ब्लॅड बैंक सेंटर, रूंगटा हॉस्पीटल के संयुक्त तत्वावधान में बुधवार को विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में वरिष्ठ चिकित्सकों और नर्सिंग की देख रेख में बड़ी संख्या में विद्यार्थियों, शिक्षकों व कर्मचारियों ने उत्साह के साथ स्वैच्छिक रक्तदान कर पुण्य कार्य में योगदान दिया।

इस अवसर पर निदेशालय महिला सशक्तीकरण, राजस्थान सरकार के राज्य समन्वयक आरएएस अधिकारी डॉ. जगदीश प्रसाद, वीजीयू के वाइस चेयरपर्सन केआर बगरिया और मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) इंजी. ओंकार बगरिया, प्रो-प्रेसीडेंट प्रो. संतोष कुमार की मौजूदगी में रक्तदान शिविर का शुभारंभ किया गया।

अपने संबोधन में राज्य समन्वयक डॉ. जगदीश प्रसाद ने कहा कि गंभीर रूप से बीमार मरीजों को तुरंत और सुलभ रक्त मुहैया कराना हर मेडिकल संस्थान और हॉस्पीटल की नैतिक जिम्मेदारी है। हर नागरिक को भी रक्तदान के महादान में भागीदारी निभानी चाहिए। इस अवसर पर बड़ी संख्या में वीजीयू के छात्र छात्राएं, शिक्षक शिक्षिकाएं तथा अन्य स्टाफ ने इस कार्यक्रम में भाग लिया एवं स्वैच्छिक रक्तदान किया। रक्तदान करने वाले को उपहार दिया गया। शिविर में करीब 200 युनिट रक्त एकत्रित हुआ।




### रक्तदान असल में सच्ची मानव सेवा

वीजीयू के वाइस चेयरपर्सन केआर बगरिया ने कहा कि विश्वविद्यालय अपनी सामाजिक और नैतिक जिम्मेदारियों के प्रति सजग है और इस तरह के कार्यक्रम उसका प्रमाण हैं। इसी सोच और प्रतिबद्धता के कारण यूनिवर्सिटी की ओर से हर साल रक्तदान, नेत्र चिकित्सा शिविर, निशुल्क कानूनी सहायता शिविर सहित अन्य सामाजिक कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं। युवाओं को रक्तदान के प्रति प्रेरित करना विश्वद्यालय की ओर से की जा रही मानवता की सच्ची सेवा है। उच्च और गुणवतापूर्ण शिक्षा के उन्नयन के साथ विश्वविद्यालय सामाजिक सरोकारों व जन सेवा में सक्रियता से सहभागिता निभा रहा है। विश्वविद्यालय के प्रो- प्रेसीडेंट प्रो. संतोष कुमार ने विद्यार्थियों का आह्वान किया कि वे आमजन में जागरूकता लाने में प्रेरणादायी बनें और अधिकाधिक संख्या में रक्तदान जैसे इस पुण्य कार्य में अपनी सहभागिता निभाएं।

## विशेषज्ञों ने सुलझाईं तकनीकी गुत्थियां



**बेधड़क** | जयपुर

स्वामी केशवानंद इंस्टीट्यूट ऑफ टैक्नोलॉजी के IEEEE कंप्यूटर सोसाइटी एंड माइक्रोवेव थ्योरी एंड टेक्नोलॉजी स्टूडेंट ब्रांच चैप्टर ने IEEEE राजस्थान सबसेक्शन के सहयोग से बुधवार को जेसी बोस ऑडिटोरियम में कॉलेज के छात्रों के लिए 'वीएलएसआई टेक्नोलॉजी एट लोअर नोड्स चैलेंजेज एंड इश्यूज' पर एक विशेषज्ञ वार्ता का आयोजन किया।

कार्यक्रम के आयोजन का मुख्य उद्देश्य छात्रों को वर्तमान रुझानों वीएलएसआई-प्रौद्योगिकी के बारे में जागरूक करना और उनके सीखने के अनुभव को प्रदर्शित करने के लिए वीएलएसआई कॅरिअर के लिए एक रोडमैप प्रदान करना था। एसकेआईटी के स्टूडेंट चैप्टर के समन्वयक डॉ. रुखसार जफर ने पुष्प गुच्छ भेंट कर अतिथियों का स्वागत किया। डॉ. नीलम चौधरी IEEEE कंप्यूटर सोसाइटी स्टूडेंट ब्रांच चैप्टर सलाहकार एसकेआईटी ने विशेषज्ञ अंतरिक्ष विभाग के एसजी ग्रुप हैड डिजाइन एंड प्रोसेस ग्रुप एचएस जटाना ने सत्र को बहुत ही ज्ञानवर्धक अंतर्दृष्टि और उत्साहवर्धक शब्दों के साथ संबोधित किया जिससे छात्रों को अनुभव मिला। उन्होंने सीएमओएस तकनीक, फोटो रेजिस्टेंस और ऐसी अन्य तकनीकों के बारे में जानकारी पर प्रकाश डाला। उन्होंने अपनी बहुमूल्य अंतर्दृष्टि साझा कर सत्र को इंटरैक्टिव बना दिया। उन्होंने सुझाव दिया कि छात्र अपने लक्ष्य तक पहुंचने के लिए कड़ी मेहनत करें, और शोध करें कि विकसित तकनीक समाज को कैसे प्रभावित करेगी। अंत में, डॉ. शुभी जैन ने विशेषज्ञों और सभी प्रतिभागियों को हार्दिक धन्यवाद व्यक्त किया। सत्र के छात्र समन्वयक अंश कुमार, जागृति पारीक, क्षितिज अग्रवाल, संस्कार चतुर्वेदी, आदित्य शर्मा ने सत्र का प्रबंधन किया और सभी व्यवस्थाएं की।

### वात्सल्य का फ्रेंच एम्बेसी में चयन

**जयपुर।** जयपुर शहर के बीकॉम स्टूडेंट वात्सल्य को फ्रेंच एम्बेसी के लिए फ्रांस में इंटर्नशिप करने के लिए चुना गया है। जीसीईसी ग्लोबल फाउंडेशन के बीकॉम इंटरनेशनल फायनेंस एवं एसीसीए स्टूडेंट वात्सल्य ने यह उपलब्धि हासिल की है। अपनी सफलता का श्रेय वात्सल्य ने कड़ी मेहनत एवं मेंटर्स के सटीक मार्गदर्शन एवं माता-पिता के प्रोत्साहन को दिया। इसके साथ ही वात्सल्य जयपुर के पहले ऐसे स्टूडेंट होंगे जिनका फ्रांस की एम्बेसी में चयन हुआ है। फाउंडर एवं मेंटर परेश गुप्ता के



मुताबिक यदि स्टूडेंट्स लगन के साथ काम करें तो निश्चित रूप से बेहतर इंटर्नशिप के ऑफर आते हैं एवं वहां स्थाई जॉब भी ऑफर होने की पूरी संभावनाएं रहती हैं। उन्होंने कहा कि इंटर्नशिप के मामले में अब कॉमर्स स्टूडेंट्स भी पीछे नहीं है, वे भी कई बड़ी एवं नामचीन संस्थाओं में इंटर्नशिप के अवसर प्राप्त कर रहे हैं।

## फेयरवेल | समारोह में रैंप पर बिखरे फैशन के बदलते रंग

# एंटरटेनमेंट के बीच उकेरी सुनहरे भविष्य की तस्वीर

**बेधड़क** | जयपुर

लाइव डीजे म्यूजिक की धुनों पर डांस करते स्टूडेंट्स और रैंपवॉक में फैशन के बदलते रंगों को आंखों में बसाते दर्शक। कुछ ऐसा माहौल बुधवार को आतिश मार्केट स्थित सनी ट्रेड सेंटर के स्प्रिट ऑफ हेवन में देखने को मिला।

यहां हाइट्स इंस्टीट्यूट ऑफ फैशन टेक्नोलॉजी और एकेडमी ऑफ वेडिंग प्लानिंग एंड इवेंट मैनेजमेंट की ओर से विदाई समारोह का आयोजन किया गया। विदाई समारोह में नए स्टूडेंट्स ने पुराने स्टूडेंट्स को भावभीनी विदाई दी और कल्चरल प्रस्तुतियों से तालियां बटोरी। कार्यक्रम के दौरान स्टूडेंट्स की लाजवाब प्रस्तुतियों के बीच दर्शक दीर्घा में मौजूद स्टूडेंट्स ने खूब एंजॉय किया। पूरा परिसर स्टूडेंट्स की हूटिंग से आबाद रहा। इस दौरान सीनियर स्टूडेंट्स ने अपने एकेडमिक अनुभवों को भी सभी के सामने रखा। इस फेयरवेल पार्टी का ड्रेस कोर्ड फॉर्मल था। जहां गर्ल्स पार्टी गाउन पहने नजर आई और बॉयज ने फॉर्मर सूट्स पहने इवेंट में हिस्सा लिया। इस दौरान कई एक्टिविटी भी आयोजित की गईं, जिसमें स्टूडेंट्स ने उत्साह के साथ हिस्सा लिया। कार्यक्रम में टीचर्स, मैनेजमेंट से जुड़े लोग और इंस्टीट्यूट के डायरेक्टर मौजूद रहे। संस्थान की निदेशक अंजलि गुप्ता और वीरांश गुप्ता ने सभी को सफल कॅरिअर की शुभकामनाएं दीं।




### सीनियर्स ने साझा किया अनुभव

एंटरटेनमेंट के रंगारंग माहौल के बीच स्टूडेंट्स में अपने भविष्य और कॅरिअर को लेकर उम्मीदें भी देखने को मिली। स्टूडेंट्स ने आपस में बातचीत कर आगे की प्लानिंग की और अपने विचार साझा किए। संस्थान के सीनियर स्टूडेंट्स ने इस अवसर पर जूनियर्स के साथ अपने अनुभव बांटे और उन्हें कॅरिअर में आगे बढ़ने के टिप्स दिए।

### छात्रों ने खेलों में दिखाया दम

**जयपुर।** राजस्थान विश्वविद्यालय के गणित विभाग के छात्रों के लिए एक बुधवार को विशेष खेल प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। इस कार्यक्रम में कबड्डी, खो-खो, क्रिकेट, रस्सा कस्सी, शतरंज और वॉलीबॉल सहित विभिन्न खेलों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन गणित विभाग की विभागाध्यक्षा डॉ. ममता गोयल ने विभाग के शिक्षकों की उपस्थिति में किया। डॉ. गोयल ने समग्र व्यक्तिव के महत्व पर जोर देते हुए छात्रों को प्रेरणा दी। इस अवसर पर प्रो. परेश व्यास ने कौशल और चरित्र विकास में खेलों की अमूल्य



भूमिका पर अंतर्दृष्टि साझा की तथा छात्रों को स्वस्थ प्रतिस्पर्धा के माध्यम से खेल भावना को अपनाने और सौहार्द को बढ़ावा देने के लिए प्रोत्साहित किया। इस खेल प्रतियोगिता ने न केवल प्रतिभागियों के एथलेटिक कौशल को प्रदर्शित किया बल्कि विभाग के छात्रों के बीच समुदाय और खेल कौशल की भावना को भी बढ़ावा दिया।

# भारत दुनिया का तीसरा सबसे प्रदूषित देश




अमित बैजनाथ गर्ग
वरिष्ठ पत्रकार


स्विस संगठन आईक्यूएयर की ओर से हाल ही में जारी विश्व वायु गुणवत्ता रिपोर्ट 2023 के मुताबिक, बिहार का बेगूसराय दुनिया के सबसे प्रदूषित शहरी क्षेत्र के रूप में उभरा है, जबकि दिल्ली सबसे खराब वायु गुणवत्ता वाला राजधानी शहर रहा है। औसत वार्षिक पीएम 2.5 सांद्रता 54.4 माइक्रोग्राम प्रति घन मीटर के साथ भारत साल 2023 में बांग्लादेश (79.9 माइक्रोग्राम प्रति घन मीटर) और पाकिस्तान (73.7 माइक्रोग्राम प्रति घन मीटर) के बाद 134 देशों में से तीसरा सबसे खराब वायु गुणवत्ता वाला देश रहा है। रिपोर्ट के अनुसार, भारत में प्रदूषण की स्थिति लगातार बिगड़ रही है और यह दुनिया का तीसरा सबसे प्रदूषित देश बन गया है। वहीं वायु गुणवत्ता के मामले में दिल्ली फिर से दुनिया की सबसे प्रदूषित राजधानी बन गई है।

भारत की वायु गुणवत्ता केवल दो देशों बांग्लादेश और पाकिस्तान से बेहतर है। 134 देशों में से बांग्लादेश पहले और पाकिस्तान दूसरे स्थान पर रहा है। ये दोनों भारत को पछाड़कर क्रमशः दुनिया के सबसे प्रदूषित देशों में शुमार हो गए। गौरतलब है कि साल 2022 में भारत इस सूची में आठवें स्थान पर था। इस साल भारत में पीएम 2.5 की औसत सांद्रता 53.3 माइक्रोग्राम प्रति घन मीटर थी। वहीं साल 2023 में बिहार के बेगूसराय को दुनिया का सबसे प्रदूषित महानगरीय क्षेत्र करार दिया गया है। इसकी औसत पीएम 2.5 सांद्रता 118.9 माइक्रोग्राम प्रति घन मीटर थी। दिलचस्प बात यह है कि बेगूसराय 2022 की सूची में कहीं नहीं था।

रिपोर्ट के अनुसार, दिल्ली सबसे खराब वायु गुणवत्ता वाली राजधानी बन गई है। 2023 में दिल्ली का पीएम 2.5 स्तर और ज्यादा खराब होकर 92.7 माइक्रोग्राम प्रति घन मीटर हो गया है। साल 2022 में यह 89.1 माइक्रोग्राम प्रति घन मीटर था। यह लगातार चौथी बार है, जब दिल्ली दुनिया की सबसे प्रदूषित राजधानी के रूप में उभरी है। वहीं लगभग 1.36 अरब भारतीय नागरिकों को विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) की ओर से चिह्नित अनुशंसित स्तर से अधिक पीएम 2.5 सांद्रता का सामना करना पड़ता है। रिपोर्ट में कहा गया है कि डब्ल्यूएचओ ने वार्षिक दिशा-निर्देश स्तर 5 माइक्रोग्राम प्रति घन मीटर निर्धारित किया है।

> *बिहार का बेगूसराय दुनिया के सबसे प्रदूषित शहरी क्षेत्र के रूप में उभरा है, जबकि दिल्ली सबसे खराब वायु गुणवत्ता वाला राजधानी शहर रहा है। वहीं, दुनिया में हर नौ में से एक मौत प्रदूषण की वजह से हो रही है। डब्ल्यूएचओ के अनुसार, दुनिया में हर साल तकरीबन 70 लाख लोगों की वायु प्रदूषण के कारण समय से पहले मौत हो जाती है।*

लगभग 96 प्रतिशत भारतीय आबादी यानी कि करीब 1.33 अरब लोगों को पीएम 2.5 के अनुशंसित स्तर से सात गुना बढ़े हुए स्तर का सामना करना पड़ता है। 66 प्रतिशत से अधिक भारतीय शहरों में वायु प्रदूषण का वार्षिक औसत 35 माइक्रोग्राम प्रति घन मीटर से अधिक दर्ज किया गया है। आईक्यूएयर की इस रिपोर्ट को बनाने के लिए उपयोग किया गया डाटा 30,000 से अधिक नियामक वायु गुणवत्ता निगरानी स्टेशनों और अनुसंधान संस्थानों, सरकारी निकायों, विश्वविद्यालयों और शैक्षिक सुविधाओं, गैर-लाभकारी तथा गैर-सरकारी संस्थाओं की ओर से संचालित कम लागत वाले वायु गुणवत्ता सेंसर के वैश्विक वितरण से एकत्र किया गया था।

इससे पहले साल 2022 की विश्व वायु गुणवत्ता रिपोर्ट में 131 देशों और क्षेत्रों के 7,323 स्थानों का डाटा शामिल था। साल 2023 में यह संख्या बढ़कर 134 देशों और क्षेत्रों में 7,812 स्थानों तक पहुंच गई। डब्ल्यूएचओ के अनुसार, दुनियाभर में हर साल तकरीबन 70 लाख लोगों की वायु प्रदूषण के कारण समय से पहले मौत हो जाती है। पीएम 2.5 वायु प्रदूषण के संपर्क में आने से कई स्वास्थ्य स्थितियां पैदा होती हैं और बिगड़ जाती हैं, जिनमें अस्थमा, कैंसर, स्ट्रोक और फेफड़ों की बीमारी शामिल है, लेकिन यह इन्हीं तक सीमित नहीं है। विशेषज्ञों का कहना है कि वायु प्रदूषण के कारण सूक्ष्म कणों के ऊंचे स्तर के संपर्क में आने से बच्चों का विकास रुक सकता है, मानसिक समस्याओं और मधुमेह सहित कई जटिल बीमारियां हो सकती हैं।

साल 2010 में हुए एक अध्ययन में पाया गया कि कुछ घंटों से लेकर हफ्तों तक ही पीएम 2.5 के संपर्क में रहने से हृदय और फेफड़ों से संबंधित रोग के कारण होने वाली मृत्यु दर बढ़ सकती है। स्वास्थ्य विशेषज्ञों के मुताबिक पीएम 2.5 प्रदूषक कणों की उस श्रेणी को संदर्भित करता है, जिसका आकार 2.5 माइक्रोन के करीब का होता है। मुख्य रूप से जंगल की आग, बिजली संयंत्रों और औद्योगिक प्रक्रियाओं के कारण इसका स्तर बढ़ जाता है। पीएम 2.5 के बढ़ने के कारण धुंध छाने और साफ न दिखाई देने के साथ कई गंभीर बीमारियों का खतरा भी बढ़ जाता है। यह कण आसानी से सांस के माध्यम से शरीर में प्रवेश करके गले में खराश, जलन और फेफड़ों को गंभीर नुकसान पहुंचा सकते हैं।

दुनिया में हर नौ में से एक मौत प्रदूषण की वजह से हो रही है। जो मानव स्वास्थ्य के लिए सबसे बड़ा पर्यावरणीय खतरा बनता जा रहा है। पीएम 2.5 वायु प्रदूषण के कारण अस्थमा, कैंसर, आघात और फेफड़ों की बीमारी समेत अनेक बीमारियां हो सकती हैं। वहीं आंखों और स्किन में जलन होना आम समस्या है। कई लोगों को ज्यादा पॉल्यूशन में जाने से आंखों में जलन, आंखों से पानी आना, सांस लेने में दिक्कत, खांसी की समस्या होने लगती है। इसके अलावा छोटे बच्चों में निमोनिया की समस्या बढ़ जाती है। इसके साथ हार्ट और फेफड़ों जुड़ी बीमारियां, स्ट्रोक, क्रोनिक ऑब्सट्रक्टिव पल्मोनरी डिजीज, ब्रोन्कस और फेफड़ों के कैंसर, गंभीर अस्थमा और निचले श्वसन संक्रमण का खतरा बना रहता है।

**(यह लेखक के निजी विचार हैं)**

## उस्ताद बिस्मिल्लाह खां के जन्मदिवस पर विशेष

# शहनाई और काशी जिनके लिए थी जन्नत




ज़ाहिद ख़ान
स्वतंत्र टिप्पणीकार


> *बिस्मिल्लाह खां सीधे-सच्चे और ख़ुदा एवं ईश्वर में अक़ीदत रखने वाले ऐसे इंसान थे, जिनकी नज़र में किसी भी मज़हब में कोई फ़र्क नहीं था। इंसानियत को वे सबसे बड़ा मज़हब समझते थे। मज़हबी तंग—नज़री का वे कभी शिकार नहीं हुए। अपनी कला से वे लोगों में इंसानियत, साम्प्रदायिक सौहार्द और भाईचारे का पैग़ाम फैलाते रहे। यही वजह है कि मुल्क का हर वर्ग उनकी इज़्ज़त-ओ-एहतिराम और उनसे दिली मुहब्बत करता था। 21 अगस्त, 2006 को बिस्मिल्लाह ख़ां ने इस फ़ानी दुनिया से अपनी रुख़्सती ली।*

संगीत की दुनिया में उस्ताद बिस्मिल्लाह ख़ां को शहनाई के पर्याय के तौर पर देखा जाता है। उनके बिना शहनाई का तसव्वुर भी नहीं किया जा सकता। वह बिस्मिल्लाह ख़ां ही थे, जिन्होंने शहनाई को नौबतख़ानों से बाहर निकालकर, वैश्विक पटल पर प्रतिष्ठित किया। शहनाई वादन को सम्मान दिलाया। आलम यह है कि ख़ास और आम दोनों ही तबक़े इसे अब पसंद करने लगे हैं। बिस्मिल्लाह ख़ाँ के शहनाई वादन से पहले शहनाई परंपरागत उत्सव, मांगलिक कार्य विधानों, विवाह मंडपों और जुलूस आदि में ही बजाई जाती थी, पर उन्होंने इस साज़ और उसके वादन को शास्त्रीय संगीत समारोहों में इज़्ज़त और ऊंचा मर्तबा दिलाया। एक दौर था जब शहनाई वादक कजरी, चैती, ठुमरी और दादरा वग़ैरह को ही बनारस शैली में बजाते थे, लेकिन बिस्मिल्लाह ख़ाँ ने अपने लगातार रियाज़ से शहनाई पर रागों को भी बख़ूबी साध लिया। इस हद तक कि लोग उसे क्लासिकल म्यूजिक के तौर पर सुनने लगे। बिस्मिल्लाह ख़ां के बजाने में तान-टान, गमक इतनी बेहतरीन निकलकर आती थी कि उसका कोई जवाब नहीं। यही नहीं राग-रागनियों पर भी उनका अच्छा क़ाबू था।

शहनाई नवाज़ भारत रत्न बिस्मिल्लाह ख़ाँ को अपने जीते जी वह इज़्ज़त और एहतिराम हासिल हुआ, जो बहुत कम लोगों को नसीब होता है। उस घड़ी को भला कौन भूल सकता है, जब देश के पहले राष्ट्रीय महोत्सव में राजधानी दिल्ली स्थित लाल क़िले की प्राचीर से प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू के तिरंगा फहराने के बाद, बिस्मिल्लाह ख़ां और उनके साथियों ने 'राग काफ़ी' बजाकर आज़ादी की उस सुनहरी सुबह का संगीतमय स्वागत किया था। इस यादगार समारोह के अलावा उन्होंने देश के पहले गणतंत्र दिवस 26 जनवरी, 1950 को भी लालकिले की प्राचीर से शहनाई वादन किया। इसके बाद तो यह सिलसिला शुरू हो गया। उस्ताद बिस्मिल्लाह ख़ां की शहनाई, हर साल देश के स्वतंत्रता दिवस पर होने वाले सांस्कृतिक कार्यक्रम का हिस्सा बन गई। प्रधानमंत्री के भाषण के बाद, दूरदर्शन पर उनकी शहनाई का प्रसारण एक दस्तूर हो गया। साल 1997 में जब देश ने आज़ादी की 'पचासवीं सालगिरह' मनाई, तो उस्ताद बिस्मिल्लाह ख़ाँ को एक बार फिर लाल किले की प्राचीर से शहनाई बजाने के लिए आमंत्रित किया गया। देश में ऐसा सम्मान बिरले ही कलाकारों को मिला है।



उस्ताद बिस्मिल्लाह ख़ाँ का शहनाई वादन, सांझी संस्कृति की बेहतरीन मिसाल था। शिव विवाह के समय वे जहां खुश होकर मुबारकबंदी या सेहरा बजाते, तो वहीं मुहर्रम के मौक़े पर उतनी ही शिद्दत से नौहा और मातमी धुन बजाते थे। उनके शहनाई वादन का अंदाज़ कुछ ऐसा होता कि लोगों की आंखों के सामने कर्बला का पूरा मंज़र आ जाता। यही नहीं गंगा पुजैया में वे जब अपनी शहनाई से ''गंगा दुआरे बधइया बाजे'' की धुन निकालते, तो लोग झूम-झूम जाते। तमाम धार्मिक बंदिशों से परे उनकी सोच थी। धार्मिक संकीर्णता और कट्टरता जो आज हर जगह दिखलाई देती है, वह उनमें बिल्कुल न थी। बिस्मिल्लाह ख़ां की इब्तिदाई तालीम और पारिवारिक संस्कार ही ऐसे थे कि वे कभी किसी बंधनों में नहीं बंधे। अपने घर के दरवाज़े या बारजे पर जब भी वे शहनाई का रियाज़ करते, तो शहनाई का प्याला बालाजी के मंदिर और बाबा विश्वनाथ मंदिर की ओर कर ही बजाते। बिस्मिल्लाह ख़ां, संगीत को ईश्वर की साधना मानते थे। वे अगर बनारस में हैं, तो उन्हीं की शहनाई की गूंज के साथ बाबा विश्वनाथ मंदिर के कपाट खुलते थे। वे बड़े ही श्रद्धा और ख़ुशी से शहनाई बजाते थे। बिस्मिल्लाह ख़ां हमेशा कहते थे, 'संगीत वह चीज़ है, जिसमें जात-पांत कुछ नहीं है। संगीत किसी मज़हब का बुरा नहीं चाहता।' हमारे मुल्क की सदियों की संगीत परंपरा को यदि देखें, तो इसमें कहीं कोई भेद नहीं दिखाई देता। धार्मिक भेदभाव और सभी तरह की जात-पांत को तोड़कर संगीत आगे बढ़ा है। कलाकारों ने संगीत को कभी किसी धार्मिक खाने में नहीं बांटा। शास्त्रीय संगीत के घराने हुए, लेकिन संगीत किसी एक मज़हब का नहीं रहा। हमारे यहां ऐसी कई मिसाल हैं, जहां मुस्लिम उस्ताद से तालीम पाकर हिंदू शार्गिदों ने, तो हिंदू गुरु से शिक्षा पाकर मुस्लिम विद्यार्थियों ने संगीत के क्षेत्र में बड़ा नाम किया। आज भी यह परंपरा ख़त्म नहीं हुई है।

अप्रैल, 1938 में बिस्मिल्लाह ख़ां ने लखनऊ रेडियो में अपना पहला प्रोग्राम रिकॉर्ड किया। उसके बाद यह सिलसिला चल निकला। मींड़ यानी एक सुर से दूसरे सुर तक बिना टूटे हुए जाने के हुनर में उनका कोई सानी नहीं था। उन्होंने अपनी राग अदायगी में इस पर सबसे ज़्यादा मेहनत की। उनके उस्ताद अलीबख़्श ने इस बात पर हमेशा ज़ोर दिया कि 'सुर कंट्रोल करो। यदि एक सुर का कोई कण सही पकड़ में आ गया, तो समझो कि सारा संगीत तुम्हारी फूंक में उतर जाएगा।' बिस्मिल्लाह ख़ां ने इस सबक की गांठ बांध ली और इस तरह रियाज़ किया कि सा और रे का फ़र्क करने की तमीज़ उन्हें बचपन में ही आ गई। मीड़ को बरतने का हुनर आ गया। उस्ताद बिस्मिल्लाह ख़ां के शहनाई वादन में एक ज़िंदादिली थी। अपनी ज़िंदगी के आख़िर तक उन्होंने बेहतरीन प्रस्तुतियां दीं। उन्होंने फैयाज ख़ान, अब्दुल करीम ख़ान जैसे महानतम गायकों और बड़ी मोतीबाई, सिद्धेश्वरी देवी, रसूलन बाई, बेगम अख़्तर, गिरिजा देवी एवं पंडित रविशंकर, उस्ताद अमजद अली ख़ान, उस्ताद विलायत ख़ान, अल्ला रक्खा, भीमसेन जोशी, वी.जी. जोग, एन. राजम, एल. सुब्रह्मण्यम जैसे महान कलाकारों के साथ शहनाई बजाई। ये महाजुगलबंदियाँ खूब पसंद की गईं और आज भी इन्हें लोग पसंद करते हैं।

उस्ताद बिस्मिल्लाह ख़ां ने अपनी पूरी ज़िंदगी संगीत की साधना में ही गुज़ार दी। कई पीढ़ियों को शहनाई वादन की तालीम दी। बावजूद इसके उनका मानना था कि 'मेरा काम अभी कच्चा है, सच्चे सुर की तलाश में हूं। परवरदिगार से इसी सुर की नेमत मांगता हूं।' उस्ताद बिस्मिल्लाह ख़ाँ को यूं तो सभी रागों को बजाने में महारथ हासिल थी, लेकिन उनके पसंदीदा राग मालकौंस, मारू बिहाग, बागेश्री, जयजयवंती, भूप, ललित, केदार, पूरिया धनाश्री, रागेश्वरी, गोरख कल्याण आदि थे। भारतीय शास्त्रीय संगीत और उपशास्त्रीय संगीत में जो लोग अपना भविष्य बनाना चाहते हैं, उनके लिए उस्ताद बिस्मिल्लाह ख़ां की सीख थी, 'नए कलाकार जो सीख रहे हैं, खूब रियाज़ और सब्र करें। सब्र से ही षडज और ऋषभ में फ़र्क करना आएगा और जब सुर पहचानना आ गया, तो पूरी दुनिया तुम्हारी है।' उस्ताद बिस्मिल्लाह ख़ाँ के दिल में काशी बसता था। काशी के अलावा उनका दिल कहीं नहीं लगता था। उन्हें विदेश में बसने की कई बार पेशकश की गई, लेकिन वे बड़े ही विनम्रता से उन्हें यह कहकर लाजवाब कर देते थे, 'क्या करें मियां, ई काशी छोड़कर कहा जाएं। गंगा मइया यहां, बालाजी का मंदिर यहां, यहां हमारे ख़ानदान की कई पुश्तों ने शहनाई बजाई है। मरते दम तक न यह शहनाई छूटेगी, न काशी। जिस ज़मीन ने हमें तालीम दी, जहां से अदब पाई, वो कहां मिलेगी ? शहनाई और काशी से बढ़कर कोई जन्नत नहीं, इस धरती पर हमारे लिए।'

**(यह लेखक के निजी विचार हैं)**

## व्यंग्य

# बाल पुराण !




पूरन सरमा
व्यंग्यकार


मैं बालों की समस्या से परेशान हो गया हूँ। इधर बीस वर्ष पूर्व मेरे बाल काले हुआ करते थे। इधर अब हाल यह हो गया है कि सिर के बाल काले और सफेद मिलकर अजीब तरह की खिचड़ी बन गये हैं। दाढ़ी की सफेदी को तो मैंने रोज शेव बनाकर सलटा दिया है। परन्तु ये सिर के बाल मेरी पोल खोलने पर तुले हुये हैं। पत्नी और बच्चे सदैव यह कहते रहते हैं कि मैं समय रहते इनका कोई स्थाई समाधान निकालूं, परन्तु मेरा दिमाग बिलकुल काम नहीं कर रहा। इन बालों की वजह से मेरा चेहरा भी बदल गया है। उम्र ने तो खैर चेहरे का भूगोल बदला ही है, रही-सही कसर बालों ने पूरी कर दी है। बाल भी सख्त होकर खड़े हो गये हैं तथा उनका रेशमीपन जाता रहा है। इस पचपन वर्ष की उम्र ने मुझे लगभग जोकर सा बना दिया है। मेरे बालों को लेकर डॉक्टरों ने तो अपने हाथ खड़े कर दिये हैं, परन्तु टी.वी. पर आने वाले साबुनों, शैम्पुओं तथा डाइयों के विज्ञापनों ने मुझ में एक उम्मीद अवश्य जगा रखी है। बाल तो बदरंग हुये। मुझे जबरदस्त डैंड्रब का रोग अलग से है। हमेशा बालों के ऊपर एक गर्द सी छाई रहती है। पत्नी ने अवश्य पचास की होने के बावजूद अपने बालों को मेनटेन कर रखा है। पता नहीं दिनभर क्या-क्या उपाय करती है, जिससे उसके बाल रेशमी, मुलायम, काले और आकर्षक हैं। हालांकि यह कार्य काफी व्ययसाध्य हो रहा है, परन्तु स्टेटस के लिए पत्नी को आकर्षक बनाये रखना आज की महती आवश्यकता भी है। मेरे खिचड़ी और भद्दे बालों के कारण वह बाजार, पार्टी अथवा किसी समारोह में न तो मेरे साथ जा पाती है और न अपने साथ मुझे ले जा पाती है। अजीब सी ऊहापोह बन गये हैं मेरे सिर के बाल।

विज्ञापनों में आने वाले साबुन, शैम्पू, तेल और डाई रोगन इतने प्रकार के हैं कि तय करना मुश्किल है कि कौनसा साधन सस्ता, टिकाऊ और आकर्षक रहेगा। किसी में क्या विशेषता है तो किसी में क्या कमी है। इस चक्कर में कोई सर्वमान्य निर्णय नहीं कर पा रहा हूँ। बच्चों का तो सुझाव यह है कि मैं बालों में कलर करवाकर इस समस्या को ढ़क सकता हूँ। लेकिन पत्नी कहती है कि पहले बालों को ऐसा पोषण दो ताकि ये शूल की तरह खड़ा रहना बंद करें। जब पोषण से ये सतह पर आ जायें तो इन्हें खूबसूरती से काला करो। मैंने पत्नी को समझाया भी कि जब ये काले थे, तब चेहरे का काला रंग और इन का काला रंग मिलकर क्या गुल खिला रहे थे, इससे तुम अनभिज्ञ नहीं हो। इसलिए बच्चों का कलरिंग वाला आयडिया अचित रहेगा। लेकिन पता नहीं वह क्यों बालों को काला करवाने पर तुली है। मेरे ये बाल अनचाहे बाल बन गये हैं, इस तरह मैं अनचाहे बालों की समस्या से ग्रस्त हूँ।

एक दिन मैंने विशुद्ध मेहंदी का प्रयोग कर उन्हें नये रूप में देखना चाहा तो वे और अधिक भयावह बन गये। पत्नी ने उसी दिन कहा काली मेंहदी लगाकर और देखलो यदि ये लुभावने हो जाते हैं तो ठीक है, वरना अपन कोई और आयुर्वेदिक उपाय खोजेंगे। मैंने काली मेहंदी लगाई तो जिसका डर था, वही हुआ, मैं लगभग लंगूर जैसा बन गया। बच्चे हंसने लगे। पत्नी ने उन्हें इस बदतमीजी के लिए डांटा और मुझे आंवला, अरीठा तथा दही से बाल धोने का नुस्खा दिया। मैंने कहा खाने को दही मिलता नहीं और बालों को दही से सींचो, कितनी असंगत बात है। लेकिन पत्नी के कथन की अनदेखी भी नहीं की जा सकती थी। अतः दो माह तक शीतकाल में मैंने आंवला, अरीठा और दही का प्रयोग किया तो मेरे ठण्ड ऐसी जमी कि इस उपचार को बंद करके, मैं डॉक्टर की तरफ कफ-खांसी और ज्वर की दवा लेने दौड़ा। दफ्तर से छुट्टी ली, वह अलग थी। पूरे एक सप्ताह बाद जब नाक बहना बंद हुआ तो पत्नी ने मेरे बालों पर एक और नया प्रयोग करने का सुझाव दिया। उसका कहना था कि आप यानि मैं फलां शैम्पू का प्रयोग आठ सप्ताह करूं ताकि बालों की खोई चमक तो वापस आ सके। उसने ही बताया कि उस खास ब्रांड के शैम्पू में अनेक प्रकार के विटामिन हैं।

बाल तो खैर मेरे ज्यों के त्यों है, लेकिन इन दिनों मैं उस शैम्पू पर हूँ। देखना यह है कि यह मेरी चमक और डैंड्रब को समूल नष्ट करता है या नहीं ? बाल अकेले बहुत खर्चीले हो गये हैं, लेकिन सोसाइटी में उठने-बैठने के लिए इनका निदान तो करना ही पड़ेगा। मैं इस बाल काण्ड से परेशान हो चुका हूँ और बाल पुराण कथा यहीं समाप्त करता हूँ। अब जैसे भी हैं बाल तो मेरे है और फिर मैं ठहरा बाल साहित्य का लेखक।

## नॉलेज कॉर्नर: अर्थशास्त्रियों ने 'जीएसटी' को स्वतंत्रता के बाद सबसे बड़ा आर्थिक सुधार बताया

# फ्रांस के बाद दुनिया भर में पहुंचा 'जीएसटी'

देश की अर्थव्यवस्था में सुधार लाने के लिए सरकार ने जीएसटी लागू कर महत्वपूर्ण कदम उठाया। जिसे देश के बड़े अर्थशास्त्रियों ने स्वतंत्रता के बाद सबसे बड़ा आर्थिक सुधार बताया। आखिर 'जीएसटी' कहां से आया, क्यों आया और कैसे दुनिया के तमाम मुल्कों ने इसे अपनाया, चलिए जानते हैं

### यह कर कब लागू किया

भारत में केंद्र सरकार ने उपभोक्ता को अतिरिक्त करों से निजात दिलाने के लिए 1 जुलाई 2017 को जीएसटी लागू किया। इसका उद्देश्य एक्साइज ड्यूटी, सेंट्रल सेल्स टैक्स, राज्य स्तर के सेल्स टैक्स, एंट्री, लॉटरी और सर्विस टैक्स जैसे तमाम करों को हटाकर एक ही कर पर सामान उपलब्ध कराना था। जीएसटी लागू होने के बाद पूरे देश के लिए एक ही अप्रत्यक्ष कर प्रणाली लागू हो गयी, जिसे लागू करने के लिए भारतीय संविधान में 101वां संशोधन किया गया था। जीएसटी को वस्तु एंव सेवा कर परिषद द्वारा संचालित किया जाता है।

### क्या है वास्तु एवं सेवाकर

किसी वस्तु या सेवा के बदले चुकाया जाने वाला एकमात्र कर जीएसटी के अंतर्गत आता है। इसका पूरा नाम 'गुड्स एंड सर्विस टैक्स या माल एंव सेवा कर' है। इसे वस्तु या सेवा पर 0%, 5%, 12%, 18% और 28% के रूप में लगाया जाता है। सस्ते सामान 0% की श्रेणी में और लक्जरी सामान 28% की श्रेणी में आते हैं। देश में मिलने वाली 81% वस्तुए 18 % की श्रेणी में आती हैं।

### पहली बार कहां लागू हुआ

जीएसटी को पहली बार वर्ष 1954 में फ्रांस में लागू किया गया। फ्रांस ने टैक्स की चोरी रोकने के लिए यह कदम उठाया था। भारत एक संघीय देश है, इसलिए भारत में डुअल-जीएसटी लागू किया गया है। कनाडा और ब्राजील जैसे बड़े देशों में डुअल-जीएसटी लागू किया गया है।





### जीएसटी के प्रकार

भारत में जीएसटी काउंसिल ने 4 प्रकार के कर निर्धारित किए है। जिनमें सीजीएसटी (केंद्रीय माल एंव सेवा कर), एसजीएसटी (राज्य वस्तु एंव सेवा कर), यूटीजीएसटी (केंद्र शासित प्रदेश वस्तु एंव सेवा कर) और आईजीएसटी (एकीकृत माल एंव सेवा कर) है। हालांकि कईं वस्तुएं ऐसी हैं जो हमें बिना कोई कर चुकाए मिल जाती है। जिनमें आवश्यक वस्तुएं जैसे डेयरी पदार्थ, किराना सामान, फल एवं सब्जियां, आटा, मछली, चिकन, अंडा, स्टांप, न्यायिक दस्तावेज, समाचार पत्र, शामिल है।

**उत्तर प्रदेश:** अपना दल (कमेरावादी) के दावों से गरमाई सियासत, सीटों के बंटवारे पर सवालिया निशान

## SP से अलग होकर चुनाव लड़ेंगी पल्लवी पटेल, 3 सीटों पर ठोका दावा

**एजेंसी** | लखनऊ

उत्तर प्रदेश में लोकसभा की सीटों को लेकर विपक्षी गठबंधन इंडिया में नया सियासी घमासान शुरू हो गया है।

अपना दल (कमेरावादी) की नेता व सपा विधायक पल्लवी पटेल ने लोकसभा की फूलपुर, कौशांबी या फिर मिर्जापुर सीट से चुनाव लड़ने का फैसला किया है।

पल्लवी पटेल समाजवादी पार्टी से अलग होकर चुनाव लड़ेंगी और इसके लिए उसने तीन सीटों पर अपना दावा ठोक दिया है। इससे सीटों के बंटवारे को लेकर विपक्षी गठबंधन के प्रयासों को झटका लग सकता है।

पल्लवी पटेल का कहना है कि हमने अपना निर्णय गठबंधन के सामने रख दिया। हमें इंडिया गठबंधन से फूलपुर, कौशाम्बी और मिर्जापुर की सीटें चाहिए।

अपना दल की केंद्रीय कार्य समिति की बैठक में पार्टी ने इंडिया गठबंधन के तहत राज्य की तीन लोकसभा सीटों पर चुनाव लड़ने की हुंकार भरी है। दरअसल इंडिया गठबंधन में फूलपुर, कौशाम्बी





और मिर्जापुर अधोषित रूप से समाजवादी पार्टी के पास थीं। ऐसे में इन तीन सीटों की मांग से गठबंधन में सियासी हलचल बढ़ गई है। कृष्णा पटेल ने कहा कि हम विधानसभा चुनाव से ही सपा के साथ गठबंधन में हैं और इंडिया गठबंधन का हिस्सा हैं। हम इंडिया गठबंधन के शीर्ष नेताओं से संवाद करने का प्रयास कर रहे हैं अभी तक कोई बात नहीं हो सकी है।

### राज्यसभा चुनाव में बदल गया था सुर, दिखाए बगावती तेवर

पल्लवी सपा के सिंबल से सिराथू कौशांबी सीट से विधायक हैं। उन्होंने राज्यसभा चुनाव में सपा से बगावत की थी। उन्होंने पार्टी द्वारा घोषित किए गए उम्मीदवारों पर सवाल उठाते हुए कहा था कि इनमें पीडीए (पिछड़ा, दलित और अल्पसंख्यकों) की अनदेखी की गई है। इसके बाद से ही उनके सुर बगावती ही रहे और अब उन्होंने सपा से अलग हटकर लोकसभा चुनाव लड़ने की बात कही है।

### पल्लवी ने पार्टी सम्मेलन में दिखाई थी ताकत

पल्लवी पटेल ने गत दिनों फूलपुर लोकसभा क्षेत्र के सोरांव में पार्टी का सम्मेलन आयोजित कर शक्ति प्रदर्शन किया था। उन्होंने लोगों को पीडीए की परिभाषा समझाते हुए कहा था कि पीडीए का सही अर्थ पिछड़ा,दलित और अल्पसंख्यक मुसलमान हैं। क्योंकि अगर इस देश में कोई है जो सामाजिक न्याय के आंदोलन को ताकत देने का काम कर रहा है, वह पिछड़ा, दलित और मुसलमान है। आज वक्त की मांग है कि पिछड़ा, दलित और मुसलमान एकजुट होकर साथ खड़े हों। हम सामाजिक न्याय स्थापित करना चाहते हैं। हम चाहते हैं कि पिछड़ा, दलित और मुसलमान इस देश की सत्तर पर काबिज हो।

---

### J&K: लाल सिंह की कांग्रेस में हुई वापसी



**जम्मू।** जम्मू कश्मीर के पूर्व मंत्री एवं कांग्रेस से दो बार सांसद रह चुके चौधरी लाल सिंह ने करीब 10 साल के बाद बुधवार को फिर कांग्रेस में वापसी कर ली है। नई दिल्ली में कांग्रेस नेता पवन खेड़ा, भरत सिंह सोलंकी, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष विकार रसूल वानी सहित वरिष्ठ नेताओं की मौजूदगी में उन्होंने पार्टी का दामन थामा। लाल सिंह तत्कालीन भाजपा- पीडीपी सरकार में मंत्री रहे थे। कांग्रेस नेता पवन खेड़ा ने कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, सोनिया गांधी और राहुल गांधी की तरफ से लाल सिंह का पार्टी में स्वागत किया। विकार रसूल वानी ने कहा कि लाल सिंह की पार्टी में वापसी से प्रदेश में कांग्रेस को मजबूती मिलेगी।

### मोदी की रैली को लेकर चुनाव आयोग से शिकायत

**चेन्नई।** द्रमुक ने मंगलवार को पीएम मोदी के रोड शो में स्कूल बच्चों के शामिल होने की शिकायत चुनाव आयोग से की। इसके साथ केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण पर नफरती भाषण देने का आरोप लगाते हुए कार्रवाई की मांग की। कोयंबटूर के जिला कलेक्टर क्रांति कुमारपति ने कहा कि प्रशासन मोदी के रोड शो के दौरान स्कूली बच्चों के शामिल होने की घटना की जांच कर रहा है। कलेक्टर ने इंटरनेट मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि मुख्य शिक्षा अधिकारी और श्रम विभाग के संयुक्त आयुक्त से भी रिपोर्ट मांगी गई है और कहा कि जांच के आधार पर उचित कार्रवाई की जाएगी। याचिका में द्रमुक के सचिव आरएस भारती ने कहा कि राजनीतिक अभियान के लिए बच्चों का इस्तेमाल करने के लिए भाजपा के खिलाफ उचित कार्रवाई की जानी चाहिए।

**इलेक्टोरल बॉन्ड पर सियासी घमासान,** राहुल के बयान पर पलटवार

## राहुल गांधी बताएं कांग्रेस को मिले 1600 करोड़ कहां से आए: शाह

**एजेंसी** | नई दिल्ली

इलेक्टोरल बॉन्ड को लेकर कांग्रेस नेता राहुल गांधी के भाजपा पर लगाए गए आरोप पर केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने पलटवार किया है। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी की पार्टी को भी इलेक्टोरल बॉन्ड के जरिए 1,600 करोड़ रुपए मिले हैं। उन्हें बताना चाहिए कि उन्होंने ये वसूली कहां से की।

राहुल गांधी ने इसे सबसे बड़ा हफ्ता वसूली रैकेट करार दिया था। भाजपा के वरिष्ठ नेता अमित शाह ने बुधवार को एक मीडिया समूह के कार्यक्रम में कहा, हम कहते हैं कि यह पारदर्शी दान है, लेकिन अगर वह कहते हैं कि यह वसूली है, तो उन्हें विवरण देना चाहिए। शाह ने भाजपा को चुनावी बॉन्ड



के जरिए ज्यादा चंदा मिलने के विपक्ष के दावे को सरासर झूठ करार दिया है।

उन्होंने साफ किया कि विपक्षी गठबंधन को भी भाजपा के बराबर ही 6200 करोड़ रुपए का चंदा चुनावी बॉन्ड के जरिए मिला है। इनकी जानकारी सार्वजनिक होने के बाद विपक्षी नेताओं को मुंह छुपाने की जगह नहीं मिलेगी।

### कालेधन को रोकने में मिल रही थी मदद

शाह ने कहा कि चुनावी बॉन्ड योजना से राजनीतिक फंडिंग में कालेधन के इस्तेमाल को रोकने में काफी हद तक मिल रही थी और इसके लिए उन्होंने आंकड़े भी प्रस्तुत किए। शाह ने विपक्ष पर चुनावी बॉन्ड योजना के बारे में झूठ फैलाने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि भाजपा को चुनावी बॉन्ड से 90 फीसदी फंड चुनाव के दौरान मिला है, जब आदर्श चुनाव आचार संहिता लागू होती है। आदर्श चुनाव आचार संहिता लागू होने के दौरान सरकार किसी की भी मदद करने की स्थिति में नहीं होती है। उन्होंने बताया कि चुनावी बॉन्ड योजना लागू होने के पहले भाजपा को 81 फीसदी से अधिक फंडिंग नकद के रूप में मिलती थी, जो योजना लागू होने के बाद 2017 और 2018 में 17 फीसद आ गई।

### बीजद मामले में नड्डा करेंगे फैसला

ओडिशा की सत्तारूढ़ बीजू जनता दल (बीजद)के साथ भाजपा के गठबंधन को लेकर चल रही बातचीत के बारे में पूछे जाने पर शाह ने कहा कि पार्टी अध्यक्ष जेपी नड्डा इस पर अंतिम निर्णय लेंगे, लेकिन यह निश्चित है कि हम ओडिशा में भारी जीत हासिल करेंगे। ज्ञात रहे कि ओडिशा में लोकसभा के साथ-साथ विधानसभा चुनाव भी होंगे।

### पंजाब में अकाली दल से बातचीत जारी

पंजाब में शिरोमणि अकाली दल के साथ गठबंधन की संभावना पर शाह ने कहा कि यह अगले दो से तीन दिनों में स्पष्ट हो जाएगा। उन्होंने कहा, बातचीत जारी है। हम चाहते हैं कि राजग के सभी दल एक साथ आएं।

### सीएए से डरने की जरूरत नहीं

शाह ने नागरिकता संशोधन अधिनियम (सीएए) 2019 के बारे में कथित तौर पर भ्रम फैलाने के लिए विपक्षी दलों की आलोचना की। उन्होंने कहा, वोट बैंक के लिए विपक्ष भ्रम फैला रहा है कि सीएए देश के अल्पसंख्यकों की नागरिकता छीन लेगा। लेकिन सीएए किसी की नागरिकता नहीं छीनेगा, केवल पाकिस्तान, अफगानिस्तान और बांग्लादेश से आए हिंदू, सिख, जैन, बौद्ध, ईसाई और पारसी समुदाय के शरणार्थियों को नागरिकता दी जाएगी। उन्होंने कहा कि इस देश के मुसलमानों को डरने की जरूरत नहीं है। सीएए नागरिकता छीनने का नहीं बल्कि नागरिकता देने का कानून है।

### बिहार में हम बड़े भाई की भूमिका में

शाह ने बुधवार को दावा किया कि इस बार आम चुनाव में भाजपा को उत्तर प्रदेश में 2014 से अधिक सीट मिलेंगी और जनता सभी वंशवादी दलों को सबक सिखाएगी। बिहार के बारे में शाह ने कहा कि यह पहली बार है, जब भाजपा अपने सहयोगियों से अधिक सीटों के साथ लोकसभा चुनाव 'बड़े भाई' के रूप में लड़ने जा रही है। राजग के बीच हुए सीट-बंटवारे के मुताबिक भाजपा कुल 40 में से 17 सीटों पर, जनता दल यूनाइटेड 16 सीट पर, चिराग पासवान के नेतृत्व वाली लोक जनशक्ति पार्टी पांच सीट पर और हिंदुस्तानी अवाम मोर्चा और राष्ट्रीय लोक मोर्चा एक-एक सीट पर चुनाव लड़ेंगे।

**इस्तीफे के बाद थामा भाजपा का दामन**

## पूर्व राज्यपाल दक्षिण चेन्नई से लड़ सकती हैं लोकसभा चुनाव

**एजेंसी** | चेन्नई (तमिलनाडु)

तेलंगाना की राज्यपाल और पुडुचेरी की उपराज्यपाल पद से इस्तीफा देने के दो दिन बाद तमिलिसाई सौंदरराजन बुधवार को चेन्नई में फिर से भाजपा में शामिल हो गईं हैं। सूत्रों के अनुसार वह भाजपा के टिकट पर दक्षिण चेन्नई सीट से लोकसभा चुनाव लड़ सकती हैं।

2019 में इस सीट पर डीएमके को जीत मिली थी। 2014 में यह सीट अन्नाद्रमुक के पास थी। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष के अन्नामलाई ने चेन्नई में पार्टी मुख्यालय में सौंदर्यराजन को पार्टी की सदस्यता कार्ड दिया। बाद मेंसौंदरराजन ने पत्रकारों से कहा कि हालांकि अपना पद छोड़ना एक कठिन निर्णय था, लेकिन वह पार्टी के लिए वापस काम करके खुश हैं। उन्होंने जोर देकर कहा, तमिलनाडु में निश्चित रूप



से कमल खिलेगा। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष के अन्नामलाई ने कहा कि तमिलिसाई ने अपना पद छोड़ दिया है क्योंकि वह राज्य में योगदान देना चाहती हैं। उन्होंने आगे कहा, यह कोई आसान फैसला नहीं है।

राजग 400 से ज्यादा सीटें जीतने जा रहा है। इसलिए सौंदरराजन राजनीति में रहना चाहती हैं और भाजपा के लिए योगदान देना चाहती हैं। राष्ट्रपति ने मंगलवार को उनका इस्तीफा स्वीकार कर लिया था। वह फिर से भाजपा के कार्यकर्ता के रूप में शामिल हो गईं हैं।

### 2019 में बनी थी तेलंगाना की राज्यपाल

सौंदरराजन ने 2019 में भाजपा से इस्तीफा देकर तेलंगाना की राज्यपाल के रूप में कामकाज संभाला था। उन्हें 2021 में पुडुचेरी की उप राज्यपाल नियुक्त किया गया था। बासठ वर्षीय सौंदरराजन स्त्रीरोग विशेषज्ञ हैं और दो दशक से भी पहले भाजपा में शामिल हुई थीं। डॉ. तमिलिसाई सौंदरराजन कांग्रेस के वरिष्ठ नेता कुमारी अनंतन की बेटी हैं। 2019 में उन्होंने थूथुकुडी लोकसभा क्षेत्र से लोकसभा चुनाव लड़ा था, लेकिन द्रमुक की कनिमोझी करुणानिधि से हार गई थी।

**सपा ने छह और** प्रत्याशी किए घोषित

## एक प्रत्याशी बदला, अब संभल से शफीकुर्रहमान के पोते को टिकट

**एजेंसी** | लखनऊ

लोकसभा चुनाव के लिए समाजवादी पार्टी ने बुधवार को उम्मीदवारों की एक और सूची जारी कर छह उम्मीदवारों के नामों की घोषणा की है। संभल से पहले घोषित हो चुके शफीकुर्रहमान बर्क के निधन के बाद उनके स्थान पर जियाउर्रहमान को टिकट दिया है। वहीं, गौतमबुद्ध नगर से महेंद्र नागर का टिकट काटकर राहुल अवाना को प्रत्याशी बनाया गया है। गौतमबुद्ध नगर से डॉ. महेंद्र नागर को टिकट दिए जाने से सपा नेताओं और कार्यतर्ताओं



में गुस्सा था। मंगलवार को सपा नेताओं ने अध्यक्ष अखिलेश यादव से लखनऊ में मुलाकत कर उम्मीदवार बदलने मांग की थी। इससे पहले दिल्ली में पार्टी के नेताओं ने रामगोपाल यादव के सामने टिकट बदलने की मांग की थी। सपा ने बागपत से मनोज चौधरी को, पीलीभीत से भगवत सरन गंगवार, घोसी से राजीव राय और मिर्जापुर से राजेंद्र एस बिंद को टिकट दिया है। उत्तर प्रदेश में कांग्रेस व सपा में सीटों के बंटवारे पर बनी सहमित के अनुसार सपा 63 सीटों पर लोकसभा चुनाव लड़ रही है। सपा ने भदोही सीट ममता बनर्जी की पार्टी टीएमसी को दी है। यहां से ललितेश पति त्रिपाठी टीएमसी के उम्मदीवार बनाए गए हैं। ललितेश उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री कमलापति त्रिपाठी के परिवार से हैं।

### शोभा करंदलाजे के खिलाफ कार्रवाई के निर्देश



**नई दिल्ली।** चुनाव आयोग ने कर्नाटक चुनाव आयुक्त को भाजपा नेता और केंद्रीय राज्य मंत्री शोभा करंदलाजे के खिलाफ डीएमके की शिकायत पर तत्काल उचित कार्रवाई करने का निर्देश दिया है। डीएमके ने अपनी शिकायत में कहा है कि बेंगलुरु में पत्रकारों से बात करते समय केंद्रीय मंत्री ने आचार संहिता का कथित तौर पर उल्लंघन किया है।

**चुनाव में मुफ्त सुविधाएं** देने के वादों का मामला

## सुप्रीम कोर्ट सहमत, आज करेगा जनहित याचिका पर सुनवाई

**एजेंसी** | नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट चुनावों के दौरान राजनीतिक दलों द्वारा मुफ्त सुविधाओं का वादा करने के खिलाफ एक जनहित याचिका को गुरुवार को सुनवाई के लिए सूचीबद्ध करने पर सहमत हो गया है। याचिका में चुनाव आयोग को चुनाव चिह्नों को जब्त करने और ऐसे राजनीतिक दलों के पंजीकरण को रद्द करने की अपनी शक्तियों का इस्तेमाल करने का निर्देश देने की भी मांग की गई है। मुख्य न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ , न्यायाधीश जे बी पारदीवाला और



, न्यायाधीश मनोज मिश्रा की पीठ ने बुधवार को कहा, यह महत्वपूर्ण है। हम इसे गुरुवार को बोर्ड पर रखेंगे। शीर्ष अदालत ने जनहित याचिका याचिकाकर्ता अश्विनी उपाध्याय की ओर से पेश वरिष्ठ वकील विजय हंसारिया की दलीलों पर ध्यान दिया कि याचिका पर लोकसभा चुनाव से पहले सुनवाई की जरूरत है। याचिका में कहा गया है कि मतदाताओं से अनुचित राजनीतिक लाभ हासिल करने के लिए लोकलुभावन उपायों पर पूर्ण प्रतिबंध लगाया जाना चाहिए क्योंकि वे संविधान का उल्लंघन करते हैं याचिका में अदालत से यह घोषित करने का भी आग्रह किया गया है कि चुनाव से पहले सार्वजनिक धन से अतार्किक मुफ्त का वादा मतदाताओं को अनुचित रूप से प्रभावित करता है और चुनाव प्रक्रिया की शुद्धता को खराब करता है।

**बिहार में सज रही है सियासी चौसर**

## चिराग हाजीपुर से लड़ेंगे चुनाव, पशुपति पारस पर महागठबंधन मौन

**एजेंसी** | नई दिल्ली/पटना

लोकसभा चुनाव को लेकर बिहार में सियासी समीकरण लगातार बदल रहे हैं। भाजपा नीत राजग और राजद नीत विपक्षी गठबंधन अपने अपने समीकरण साधने में लगे हुए हैं। लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) के अध्यक्ष चिराग पासवान ने बिहार की हाजीपुर लोकसभा सीट से चुनाव लड़ने का ऐलान कर दिया है। वहीं केंद्रीय मंत्रिमंडल से इस्तीफा देने वाले पशुपति पारस के विपक्षी गठबंधन में शामिल होने के कयास लगाए जा रहे हैं, लेकिन फिलहाल महागठबंधन ने इस पर मौन साध रखा है। राष्ट्रपति ने पारस का इस्तीफा स्वीकार कर लिया है। दिल्ली में बुधवार को लोजपा (रामविलास) की संसदीय बोर्ड की बैठक हुई। बैठक के बाद मीडिया के साथ बातचीत में चिराग ने बताया कि बैठक में यह तय किया गया है कि वह हाजीपुर से लोकसभा का चुनाव लड़ेंगे।

उन्होंने यह भी बताया कि बिहार में पार्टी के कोटे की अन्य सीटों पर भी उम्मीदवारों के नाम भी घोषित किए जाएंगे।

उन्होंने कहा कि चाचा (पशुपति पारस) स्वयं परिवार को छोड़ कर गए थे। अब भविष्य में वह क्या करेंगे, यह फैसला उन्हें ही करना है।



### इन तीन सीटों पर भी नाम किए तय

सूत्रों के मुताबिक, संसदीय बोर्ड की बैठक में जुमई से चिराग पासवान के बहनोई अरुण भारती और समस्तीपुर से संजय पासवान को उम्मीदवार बनाया जा सकता है। जबकि वैशाली और खगड़िया सीट के लिए प्रत्याशी पर चर्चा के बाद कोई फैसला किया जाएगा। सूत्रों के मुताबिक, चिराग ने बैठक में साफ कर दिया कि जिन लोगों ने पार्टी तोड़ने में भूमिका निभाई थी, उन्हें लोजपा (रामविलास) की ओर से सीट नहीं मिलेगी।

### कांग्रेस को मिला पप्पू यादव का साथ

दूसरी ओर पूर्व सांसद पप्पू यादव की जन अधिकार पार्टी का बुधवार को कांग्रेस में विलय हो गया है। पप्पू यादव अपने बेटे सार्थक के साथ कांग्रेस में शामिल हो गए। दिल्ली में कांग्रेस नेता मोहन प्रकाश और पवन खेड़ा ने उन्हें कांग्रेस की सदस्यता दिलाई। मीडिया से बातचीत के दौरान पप्पू यादव ने कहा ,हम अपनी पूरी पार्टी के साथ कांग्रेस में विलय कर रहे हैं। मैं और राजद प्रमुख लालू यादव मिलकर एनडीए के खिलाफ मजबूती से लड़ेंगे।

### राहुल दुनिया के सबसे संघर्षशील व्यक्ति

पप्पू यादव ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी की तारीफ करते हुए कहा कि वह इस दुनिया के सबसे संघर्षशील व्यक्ति हैं। दुनिया के इतिहास में छह हजार किलोमीटर पैदल चलना एक रिकॉर्ड है। कांग्रेस परिवार ने मुझे और मेरे परिवार को काफी सम्मान दिया। उन्होंने कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे की तारीफ करते हुए कहा कि उन्हें मैं देखता हूं तो मुझे बाबू वीर कुंवर सिंह और शेरशाह सूरी याद आते हैं।

### कोई दूसरा विकल्प नहीं है

पप्पू यादव ने कहा कि भले ही ईवीएम और सरकारी एजेंसियों के बल पर 400 का आंकड़ा पार कर ले लेकिन हिन्दुस्तान के 130 करोड़ जनता का दिल राहुल गांधी ने ही जीता है। इस देश के लोकतंत्र की रक्षा के लिए राहुल गांधी के नेतृत्व के अलावा कोई दूसरा विकल्प नहीं है। मैं अपी पूरी पार्टी का विलय कांग्रेस में करता हूं। अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त करें।

### महागठबंधन ने किया सीटों पर मंथन

दूसरी ओर रालोजपा प्रमुख पशुपति पारस की विपक्षी महागठबंधन में एंट्री को लेकर फिलहाल राजद में मौन की स्थिति है। सीटों को लेकर चल रही इसी उहापोह के बीच बुधवार को दिल्ली में महागठबंधन के नेताओं की बैठक हुई। जिसमें सीटों को लेकर दलों के बीच विस्तृत बातचीत हुई। हालांकि, अंतिम निर्णय कब तक होगा इसे लेकर स्थिति साफ करने वाला राजद में फिलहाल कोई नेता नहीं। **एक-दो दिन में पूरी तस्वीर साफ हो जाएगी:** अलबत्ता पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता मनोज झा ने दावा जरूर किया कि दलों के बीच लगभग सहमति हो चुकी है एक-दो दिन में पूरी तस्वीर साफ हो जाएगी।

## जरूरी खबर

### बच्चों की हत्या: आरोपी की मुठभेड़ में मौत की जांच

**बदायूं**। बदायूं में दो मासूम बच्चों की हत्या के आरोपी साजिद के एनकाउंटर की मजिस्ट्रियल जांच होगी। डीएम मनोज कुमार ने यह आदेश दिया है। उन्होंने सिटी मजिस्ट्रेट से 15 दिन में जांच रिपोर्ट मांगी है। उधर, इस हत्याकांड में नामजद साजिद के भाई जावेद का अब तक कोई पता नहीं चला है। उसकी तलाश में पुलिस की चार टीमें लगी हुई हैं। पुलिस मुठभेड़ में मारे गए साजिद के शव का पोस्टमार्टम बुधवार को कराया गया। बताया जा रहा है कि मुठभेड़ में साजिद को तीन गोलियां लगी थी। दो गोली उसके सीने में लगी हैं और एक गोली उसके पेट में एक ओर लगी है। हत्याके मुख्य रोपी के पोस्टमार्टम के दौरान पुलिस पीएससी मौजूद रही। उसके शव को पुलिस की सुरक्षा में ही गांव सखानू ले जाया गया।

### राजनीतिक दलों के होर्डिंग-पोस्टर हटाने के निर्देश

**नई दिल्ली**। चुनाव आयोग ने राजनीतिक दलों की ओर से मतदाताओं को लुभाने के लिए देश भर में लगाए होर्डिंग, बैनर और पोस्टर को चौबीस घंटे के भीतर हटाने के निर्देश दिए है। साथ ही आयोग ने इसके अमल की रिपोर्ट भी 21 मार्च को शाम पांच बजे तक प्रस्तुत करने को कहा है। आयोग ने यह कदम कांग्रेस पार्टी की ओर से इस संबंध में की गई शिकायत के बाद उठाया है। कांग्रेस पार्टी ने आयोग से की गई शिकायत में चुनिंदा राजनीतिक दलों को ओर से लगाए गए देश के प्रमुख स्थानों पर अपनी उपलब्धियों से जुड़े बैनर, पोस्टर और होर्डिंग लगाए जाने का आरोप लगाया था।

### खराब मौसम के कारण मोदी का भूटान दौरा टला

**नई दिल्ली**। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का प्रस्तावित भूटान दौरा फिलहाल टाल दिया गया है। विदेश मंत्रालय के मुताबिक, खराब मौसम की वजह से यह फैसला लिया गया है। इन परिस्थितियों में वहां विमानों की लैंडिंग नहीं कराई जा सकती थी। ऐसे में दोनों देशों ने बातचीत के जरिए यात्रा को स्थगित करने का निर्णय लिया। दोनों देश राजनयिक चैनलों के माध्यम से नई तारीखों पर काम कर रहे हैं। दरअसल, पीएम मोदी की 21-22 मार्च को भूटान की राजकीय यात्रा प्रस्तावित थी। भूटान के प्रधानमंत्री दाशो शेरिंग तोबगे 14-18 मार्च तक भारत की आधिकारिक यात्रा पर थे। भूटान नरेश की ओर से प्रधानमंत्री शेरिंग तोबगे ने प्रधानमंत्री मोदी को भूटान आने का निमंत्रण दिया था। प्रधानमंत्री ने भूटान नरेश का यह निमंत्रण स्वीकार किया था।

## स्टार्टअप महाकुंभ शुरू






*नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को नई दिल्ली में भारत मंडपम में स्टार्टअप महाकुंभ का उद्घाटन किया। इस अवसर पर प्रदर्शनी का अवलोकन करते हुए पीएम मोदी।*

### मोदी की यूक्रेन के राष्ट्रपति जेलेंस्की से फोन पर बात



**नई दिल्ली**। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की से टेलीफोन पर बात की। उन्होंने कहा कि भारत और यूक्रेन के द्विपक्षीय संबंधों को बेहतर व मजबूत बनाने पर विस्तार से बातचीत हुई। पीएम मोदी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म- एक्स यह जानकारी दी। पीएम मोदी ने जेलेंस्की को भरोसा दिलाया कि भारत जन-केंद्रित दृष्टिकोण से निर्देशित मानवीय सहायता प्रदान करना जारी रखेगा। उन्होंने रूस-यूक्रेन संघर्ष को खत्म करने और संघर्ष का रास्ता छोड़कर आगे बढ़ने के लिए बातचीत और कूटनीति का रास्ता अपनाने का आह्वान किया। मीडिया रिपोर्टों के अनुसार सूत्रों के हवाले से दावा किया जा रहा है कि जेलेंस्की और पुतिन दोनों ने प्रधानमंत्री मोदी को आमंत्रित किया है।

## पीएम मोदी ने किया स्टार्टअप महाकुंभ का उद्घाटन, कहा...

# देश विकसित भारत @2047 के रोडमैप पर कर रहा है काम

### ■ राहुल पर कसा तंज, कहा...कुछ स्टार्टअप को बार-बार करना पड़ता है लॉन्च

**एजेंसी** | नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को नाम लिए बगैर कांग्रेस नेता राहुल गांधी को निशाने पर लिया। उन्होंने कहा कि स्टार्टअप लॉन्च तो बहुत लोग करते हैं, राजनीति में तो ये बहुत ज्यादा होता है और बार बार लॉन्च करना पड़ता है।

आप में और उनमें फर्क ये है कि आप लोग प्रयोगशील होते हैं, एक अगर लॉन्च नहीं हुआ तो तुरंत दूसरे पर चले जाते हैं। मोदी ने बुधवार को राजधानी नई दिल्ली के भारत मंडपम में स्टार्टअप महाकुंभ का उद्घाटन के मौके पर यह बात कही।




उन्होंने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि देश 2047 के विकसित भारत के रोडमैप पर काम कर रहा है, ऐसे समय में स्टार्ट अप महाकुंभ का कई महत्व है। उन्होंन कहा कि बीते दशकों में भारत ने आईटी और सॉफ्टवेयर सेक्टर में अपनी छाप छोड़ी है।

अब देश में इनोवेशन और स्टार्टअप संस्कृति का ट्रेंड लगातार बढ़ता हुआ नजर आ रहा है।

### भारत ने सही समय पर लिए सही निर्णय

प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत आज अगर ग्लोबल स्टार्ट-अप स्पेस के लिए नई उम्मीद, नई ताकत बनकर उभरा है, तो इसके पीछे एक सोचा समझा दृष्टिकोण रहा है। भारत ने सही समय पर निर्णय लिए हैं। सही समय पर स्टार्ट-अप को लेकर काम शुरू किया। उन्होंने कहा कि भारत की स्टार्टअप क्रांति का नेतृत्व आज देश के छोटे शहरों के युवा कर रहे हैं। मुझे खुशी है कि आज कृषि, टेक्सटाइल, मेडिसिन, परिवहन, स्पेस और यहां तक कि योग और आयुर्वेद के स्टार्टअप भी शुरू हो चुके हैं।

### दुनिया देख रही युवा शक्ति का सामर्थ्य

पीएम ने कहा कि अंतरिक्ष के 50 से अधिक सेक्टर में भारत के स्टार्टअप्स बहुत अच्छा काम कर रहे हैं। हमारे स्टार्टअप अंतरिक्ष शटल लॉन्च करने लगे हैं। भारत की युवा शक्ति का सामर्थ्य आज पूरी दुनिया देख रही है। इस सामर्थ्य पर भरोसा करते हुए देश ने स्टार्टअप इकोसिस्टम निर्माण की तरफ अनेक कदम उठाए हैं।

**मैं चुनाव अभियान में एआई की मदद:** पीएम मोदी ने कहा- अब हम एआई तकनीक से जुड़े एक नए युग में हैं। जब चुनावी अभियान में भाषा की बाधा आती है तो मैं एआई का सहारा लेकर हर भाषा में लोगों तक अपनी बात पहुंचाता हूं।

## केंद्र सरकार का हलफनामा दायर, कहा-

# EC की नियुक्ति में CJI का शामिल होना जरूरी नहीं

**एजेंसी** | नई दिल्ली



मुख्य चुनाव आयुक्त और अन्य चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति में देश मुख्य न्यायाधीश को शामिल नहीं करने को लेकर मोदी सरकार ने बुधवार को सुप्रीम कोर्ट में हलफनामा दायर कर कहा कि कुछ लोग राजनीतिक विवाद पैदा करने की कोशिश कर रहे हैं। यह धारण गलत है कि चयन समिति में देश के मुख्य न्यायाधीश का होना अनिवार्य है और अगर बिना न्यायाधीा की मौजूदगी के समिति चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति करती है तो चुनाव आयोग अपना काम स्वतंत्र रूप से नहीं करेगा। केंद्र सरकार ने मुख्य चुनाव आयुक्त और अन्य चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति के लिए लाए गए नए कानून पर रोक लगाने की मांग करने वाली याचिकाओं का विरोध किया।

याचिका में तर्क दिया गया था कि चुनाव आयुक्तों का चयन करने वाले पैनल से देश के मुख्य न्यायाधीश को हटा दिया गया है। केंद्र सरकार ने सुप्रीम कोर्ट में कहा कि याचिका में उठाए गए सवाल पूरी तरह से गलत हैं। मामले को लेकर अगली सुनवाई 21 मार्च को होगी। एक रिपोर्ट के अनुसार, सरकार ने हलफनामे में याचिकाकर्ताओं के इस आरोप को खारिज कर दिया कि चुनाव आयुक्तों ज्ञानेश कुमार और सुखबीर संधू को जल्दबाजी में नियुक्त किया गया था।

सरकार ने तर्क दिया कि देश में इतने बड़े पैमाने पर लोकसभा चुनाव होने हैं और एक मुख्य चुनाव आयुक्त के भरोसे इस काम को पूरा किया जाना किसी भी सूरत में संभव नहीं है।

## केंद्र ने सुप्रीम कोर्ट में कहा...

# रोहिंग्या घुसपैठिए हैं, इन्हें भारत में बसने का नहीं है अधिकार

**एजेंसी** | मुंबई

केंद्र सरकार ने सुप्रीम कोर्ट में एक हलफनामा दायर कर कहा है कि रोहिंग्या अवैध घुसपैठिए हैं और उन्हें भारत में रहने का अधिकार नहीं है क्योंकि मौलिक अधिकार सिर्फ भारतीय नागरिक के लिए है। केंद्र सरकार ने कहा कि इस मामले में उसका रुख स्पष्ट है। अवैध घुसपैठियों को सीधे तौर पर शरणार्थी नहीं माना जा सकता। केंद्र ने सुप्रीम कोर्ट में रोहिंग्याओं को लेकर दायर एक याचिका के जवाब में यह हलफनामा दाखिल किया है।



याचिका में कहा गया है कि रोहिंग्या रिफ्यूजी को हिरासत में लिया गया है और उन्हें रिहा किया जाए। केंद्र सरकार ने सुप्रीम कोर्ट को बताया कि भारत विकासशील देश है और यहां की जनसंख्या बहुत ज्यादा है। देश के नागरिक का कल्याण प्राथमिकता के आधार पर होना चाहिए। ऐसे में विदेशी को सीधे तौर पर शरणार्थी के तौर पर स्वीकार नहीं किया जा सकता है और वह भी तब जब ऐसे लोग बड़ी संख्या में देश में प्रवेश कर रहे हों। गृह मंत्रालय की की ओर से दाखिल हलफनामे में कहा गया है कि अवैध घुसपैठियों का मामला नीतिगत है।

### ISIS चीफ हारिस फारूकी सहित दो लोग गिरफ्तार

**धुबरी (असम)**। असम पुलिस की स्पेशल टास्क फोर्स ने धुबरी में एक कार्रवाई के दौरान आतंकी संगठन- इस्लामिक स्टेट इराक सीरिया (ISIS) की भारतीय यूनिट के प्रमुख को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आतंकी की पहचान हारिस फारूकी के रूप में हुई है। पुलिस ने बताया कि बांग्लादेश की सीमा से भारत में घुसे फारूकी और उसके सहयोगी अनुगार सिंह को बुधवार को धुबरी में गिरफ्तार किया गया। गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई के दौरान स्पेशल टास्क फोर्स के जवानों ने धुबरी के धर्मशाला इलाके में कार्रवाई की।

## टैंकों के लिए इंजन का परीक्षण



*मैसूर। सेना के मुख्य युद्धक टैंकों के लिए पहले स्वदेश निर्मित इंजन का बुधवार को सफलतापूर्वक परीक्षण किया गया। इस इंजन की क्षमता 1500 हॉर्सपावर की है। रक्षा सचिव गिरिधर अरमाने ने इसे परिवर्तनकारी क्षण करार दिया है। उन्होंने कहा कि यह उपलब्धि हमारी सेना की क्षमताओं को बढ़ाएगी। 1500 हॉर्सपावर इंजन सैन्य प्रणोदन प्रणालियों में आदर्श बदलाव का प्रतीक है।*

**बढ़ेगी सेना की ताकत**

# भारत को एस-400 मिसाइल की अंतिम खेप 2026 तक देगा रूस

**एजेंसी** | नई दिल्ली

रूस ने कहा है कि भारत को लंबी दूरी की वायु रक्षा मिसाइल प्रणाली एस-400 की शेष दो स्क्वाड्रन की आपूर्ति अगस्त 2026 तक कर दी जाएगी। इनकी आपूर्ति में देरी रूस व यूक्रेन के बीच जारी युद्ध की वजह से हो रही है। गौरतलब है कि रूस और भारत ने एस-400 वायु रक्षा प्रणाली के पांच स्क्वाड्रन खरीदने के लिए एक समझौते पर हस्ताक्षर किए थे, जिनमें से तीन की आपूर्ति पहले ही की जा चुकी है। यह वायु रक्षा प्रणाली 400 किलोमीटर तक लक्ष्य को भेदने में सक्षम है। गौरतलब है कि 2024 तक सभी प्रणालियों की



आपूर्ति कर दिए जाने की उम्मीद थी, लेकिन यूक्रेन के साथ चल रहे संघर्ष के कारण इसमें खासा देरी हो गई है। भारत और रूस ने एस-400 वायु रक्षा मिसाइलों के पांच स्क्वाड्रन के लिए 35,000 करोड़ रुपए से अधिक के समझौते पर हस्ताक्षर किए थे।

### वायु रक्षा क्षमता को बढ़ाने पर जोर

भारतीय वायु सेना ने हाल के वर्षों में अपनी वायु रक्षा क्षमताओं में उल्लेखनीय सुधार किया है। वायु सेना ने अब अपने स्वयं के प्रोजेक्ट 'कुशा' पर काम करना शुरू कर दिया है। इसके तहत डीआरडीओ एक स्वदेशी प्रणाली विकसित करेगा जो लंबी दूरी पर दुश्मन के प्लेटफार्मों को मार गिराने में सक्षम होगी। ज्ञात रहे कि वास्तविक नियंत्रण रेखा के पार चीनी सेना द्वारा बड़े पैमाने पर वायु रक्षा प्रणालियां तैनात की गई हैं, जबकि भारत ने भी वहां बड़े पैमाने पर अपनी प्रणालियां तैनात की हैं।

### सेना को मिले स्वदेशी इंटीग्रेटेड एंटी ड्रोन सिस्टम

सेना को स्वदेशी इंटीग्रेटेड एंटी ड्रोन सिस्टम मिले हैं। आर्मी एयर डिफेंस ने इस लेजर हथियार प्रणाली को ऑपरेशनल एरिया में तैनात कर दिया है। इसके रडार 8 किलोमीटर से ज्यादा रेंज तक ड्रोन को डिटेक्ट कर सकते हैं। इसी तरह पेसिव रेडियो फ्रिक्वेंसी डिटेक्शन सिस्टम की रेंज 5 किलोमीटर से ज्यादा है। सेना को अभी ऐसे सात सिस्टम मिले हैं। इन्हें उत्तरी सीमा व पश्चिमी सीमा पर भी तैनात किया गया है। ये पहले ऐसे स्वदेशी सिस्टम हैं जिसके जरिए ड्रोन या ड्रोन की तरह के किसी ऑब्जेक्ट को पहचाना जा सकता



है और उसे मार गिराया जा सकता है। सेना के पास वैसे पहले से ही एंटी ड्रोन सिस्टम हैं, लेकिन उसे अब स्वदेशी इंटीग्रेटेड एंटी ड्रोन सिस्टम मिले हैं। लेजर हथियार प्रणाली के लिए सेना ने अगस्त 2021 में एक करार पर हस्ताक्षर किए थे। लेजर हथियार प्रणाली में अलग अलग तरह के रडार हैं, पेसिव रेडियो फ्रिक्वेंसी डिटेक्टर है, सॉफ्ट किल के लिए जैमर है और हार्ड किल के लिए लेजर है। इसे भारत में ही विकसित किया गया और बनाया गया। हाल ही में पोकरण फायरिंग रेंज में हुए 'भारत शक्ति' युद्धाभ्यास में भी इस सिस्टम को तैनात किया गया था। यह सेना, नौसेना और वायुसेना का पहला साझा अभ्यास था जिसमें सभी स्वदेशी हथियार प्रणालियों और प्लेटफॉर्म का इस्तेमाल किया गया।

### जवाहर कला केंद्र में नृत्यम महोत्सव का रंगारंग प्रस्तुतियों के साथ समापन

# नृत्य में एकता की कामना और बसंत का सौंदर्य किया साकार

बेधड़क. जयपुर। जवाहर कला केंद्र में बुधवार को ओडिसी और कथक में नृत्यांगनाओं ने न केवल एकता का संदेश दिया बल्कि बसंत के सौंदर्य को भी मंच पर साकार कर दिया। मनमोहक प्रस्तुतियों पर दर्शकों ने भी तालियों के साथ जमकर दाद दी। मौका था उत्तर मध्य क्षेत्र सांस्कृतिक केंद्र, प्रयागराज, संस्कृति मंत्रालय, भारत सरकार एवं जवाहर कला केंद्र जयपुर के सहयोग से मधुरम के अतंर्गत आयोजित नृत्यम् महोत्सव के समापन का। कार्यक्रम में प्रसिद्ध नृत्यांगना पद्मश्री अलंकृत माधवी मुद्गल ने ओडिसी और गौरी दिवाकर ने कथक की प्रस्तुति से समां बांधा। शास्त्रीय नृत्यों के लालित्य से सराबोर समारोह नृत्यम में कला अनुरागियों ने बढ़चढ़कर हिस्सा लिया।

### अथर्व वेद की ऋचा पर सम भाव प्रस्तुति

पद्मश्री माधवी मुद्गल की प्रस्तुति बेहद खास रही। ओडिसी नृत्य की मनमोहक प्रस्तुति देकर उन्होंने दर्शकों से खूब तालियां बटोरी। उन्होंने अथर्व वेद की ऋचा पर सम भाव प्रस्तुति से मानव जाति में एकता की कामना प्रकट की। इसकी बाद बसंत के सौंदर्य को उन्होंने मंच पर साकार किया। ओड़िया गीत पर उन्होंने आंगिक अभिनय और उत्कृष्ट भाव भंगिमा से सुशोभित प्रस्तुति दी। स्फुरण के साथ उन्होंने प्रस्तुति का समापन किया।

### राधा का सौंदर्य मंच पर जीवंत

गौरी दिवाकर ने कथक की प्रस्तुति पर दर्शकों की खूब तालियां बटोरीं। उन्होंने अपनी प्रस्तुति में राधा के सौंदर्य को मंच पर जीवंत किया। बेहतर फुटवर्क और विभिन्न भाव भंगिमाओं के साथ कथक प्रस्तुति से उन्होंने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। उनकी प्रस्तुति के समापन के बाद देर तक तालियां गूंजती रहीं।



फोटो: पंकज शर्मा

## 'भूल भुलैया-3' में धक-धक गर्ल माधुरी दीक्षित की एंट्री!



**कार्तिक** आर्यन स्टारर फिल्म 'भूल भुलैया-3' में विद्या बालन और तृप्ति डिमरी के बाद अब एक और बड़ा नाम जुड़ने वाला है। खबरों की मानें तो इस फिल्म में माधुरी दीक्षित की एंट्री भी हो सकती है। हालांकि, अभी मेकर्स ने इस बात पर कोई ऑफिशियल कंफर्मेशन नहीं दी है। 'भूल भुलैया-3' की शूटिंग शुरू हो चुकी है। हाल ही में हिंदुस्तान टाइम्स को दिए एक इंटरव्यू में डायरेक्टर अनीस बज्मी से पूछा गया कि क्या 'भूल भुलैया-3' में माधुरी दीक्षित नजर आ सकती हैं? इस पर डायरेक्टर बोले- जो भी होने वाला है, हम खुद बताएंगे। तृप्ति और विद्या के बारे में बताया जा चुका है, लेकिन अभी और भी बहुत कुछ बाकी है। फिल्म की कुछ और कास्ट को लेकर बातचीत चल रही है। हम जल्द ही इसकी घोषणा करेंगे। 'भूल भुलैया 2' को अनीस बज्मी ने डायरेक्ट किया था। इसमें कार्तिक के अलावा कियारा आडवाणी, तब्बू, राजपाल यादव और संजय मिश्रा भी लीड रोल में थे। यह फिल्म 20 मई को सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी। फिल्म 2007 में आई 'भूल भुलैया' का सीक्वल थी।

## अटैक से उबरने के बाद शूटिंग पर लौटे तलपड़े

**हार्ट** अटैक से उबरने के बाद श्रेयस तलपड़े एक बार फिर से काम पर लौट आए हैं। इन दिनों वे वेलकम टू द जंगल की शूटिंग कर रहे हैं। कुछ समय पहले इसी फिल्म के सेट पर उन्हें हार्ट अटैक आया था। उनकी हालात काफी गंभीर थी, लेकिन डॉक्टरों की देखभाल के बाद वो अब पूरी तरह से स्वस्थ हैं। एक इंटरव्यू में श्रेयस ने बताया कि इस बुरे वक्त में अक्षय कुमार उनके परिवार के साथ खड़े थे। इसके लिए श्रेयस ने उनका शुक्रिया भी अदा किया। श्रेयस ने बताया कि इसी फिल्म के सेट पर उन्हें हार्ट अटैक आया था। ऐसे में दोबारा इसी सेट पर शूटिंग करना डरावना था। श्रेयस ने आगे कहा कि इलाज के ढाई महीने बाद उन्होंने काम पर वापसी की है।



डॉक्टरों की सलाह है कि वो अपना काम आराम से करें। शॉट्स भी दें। डायलॉग्स भी बोलें, लेकिन अगले 6 महीने तक एक्शन सीक्वेंस की शूटिंग से बचे रहें। श्रेयस ने कहा कि डॉक्टरों ने उन्हें सलाह दी है कि वो नियमित वर्कआउट, कार्डियो, साइकिलिंग जैसी चीजें भी करते रहें। श्रेयस को बीते साल 14 दिसंबर को हार्ट अटैक आया था।

# City इवेंट्स

### फागोत्सव में श्याम को भजनों से रिझाया



**बेधड़क. जयपुर।** गायकों ने खाटू श्याम जी को मधुर भजनों से रिझाया तो भक्त खुद को झूमने से नहीं रोक पाए। मौका था खंडेलवाल परिवार की ओर से प्लॉट नंबर चार कल्याण नगर पांच टोंक रोड पर आयोजित फाग उत्सव का। संयोजक प्रदीप खंडेलवाल और हुकुमचंद गुप्ता ने बताया कि 14 वर्षों से बाबा का फाग उत्सव नियमित रूप से अखंड ज्योत के साथ मनाया जा रहा है। कार्यक्रम में भजन गायक अविनाश शर्मा, आशीष शर्मा एवं सौरभ शर्मा ने बाबा का गुणगान किया। कार्यक्रम में वार्ड नंबर 104 के पार्षद श्री अरुण शर्मा भी मौजूद रहे।

### रंगोत्सव में बिखरे कविताओं के रंग



**बेधड़क. जयपुर।** चाय और कॉफी की चुस्कियों के बीच शहर के जाने माने कवियों और कवयित्रियों ने फागुन से जुड़ी रचनाएं सुनाई तो श्रोता आनंदित हो उठे। मौका था सदाए संस्था की ओर से वैशाली नगर के चाय कापी कैफे में आयोजित साहित्यिक कार्यक्रम 'रंगोत्सव' का। रंगोत्सव की अध्यक्षता मनोज मित्तल 'कैफ' ने की। सदाएं के संस्थापक सदस्य भावेश लोहानी ने बताया कि गीत और गजलों के इस कार्यक्रम में शहर के करीब 40 कवि और कवयित्रियों ने हिस्सा लिया। कार्यक्रम में होली और फागुन सहित कई अन्य विषयों पर कवितायें और शेर सुनकर श्रोताओं की वाहवाही लूटी। इस अवसर पर सदाएँ की ई कॉमर्स वेबसाईट 'ट्रेंडकारी' का भी लॉन्च किया गया। कार्यक्रम के अंत में लोहानी ने सभी का आभार व्यक्त किया।

### ऋतिक की फाइटर नेटफ्लिक्स पर रिलीज



ऋतिक रोशन, दीपिका पादुकोण और अनिल कपूर स्टारर मूवी फाइटर बुधवार आधी रात 12 बजे नेटफ्लिक्स पर रिलीज हुई। फाइटर का डायरेक्शन सिद्धार्थ आनंद ने किया है। फिल्म की कहानी पुलवामा हमले और बालाकोट हवाई हमले के साथ ही भारत-पाकिस्तान सीमा पर होने झड़पों पर बेस्ड है। फिल्म 25 जनवरी को रिलीज हुई, जिसे दर्शकों की मिलीजुली प्रतिक्रियाएं मिलीं। फिल्म को सिंगल स्क्रीन पर ज्यादा रेस्पांस नहीं मिला, लेकिन मल्टीप्लेक्स में दशर्कों ने हाथों-हाथ लिया। मूवी ने दुनिया भर में ₹337.2 करोड़ की कमाई की।

### 'आरसी 16' पहुंची फ्लोर पर, हुई पूजा सेरेमनी

## रामचरण के संग देसी गर्ल के लुक में नजर आएंगी जाह्नवी



बेधड़क | जयपुर

साउथ के सुपरस्टार राम चरण और बॉलीवुड एक्ट्रेस जाह्नवी कपूर की अपकमिंग मूवी 'आरसी 16' फ्लोर पर पहुंच गई है। इसकी बुधवार को पूजा सेरेमनी रखी गई। जाह्नवी कपूर इस दौरान यहां खूबसूरत साड़ी में देसी गर्ल का लुक में नजर आई, जबकि सुपरस्टार राम चरण अपनी मूवी गेम चेंजर के ही लुक में नजर आए।

राम चरण और अदाकारा जाह्नवी कपूर की इस अपकमिंग फिल्म का कुछ दिनों पहले ही ऐलान किया गया था। अब इस फिल्म की शूटिंग भी मेकर्स ने शुरू कर दी है।

बता दें कि अभी तक मेकर्स ने राम चरण और जाह्नवी कपूर स्टारर इस फिल्म का नाम फाइनल नहीं किया है। मूवी को फिलहाल आरसी 16 कहकर ही पुकारा जा रहा है। यानी सुपरस्टार राम चरण के करिअर की 16वीं फिल्म। मूवी का निर्देशन बुची बाबू साना कर रहे हैं, जिन्होंने 2021 में सुपरहिट मूवी 'उपेन्ना' से बतौर निर्देशक करियर की शुरुआत की थी। इस मूवी को दर्शकों ने खासा पसंद किया था। इससे पहले निर्देशक बुची बाबू साना ने सुकुमार के साथ राम चरण की सुपरहिट मूवी रंगास्थलम में भी काम किया था। वो इस फिल्म के लेखक थे। अभी तक आरसी 16 के मेकर्स ने इस फिल्म की रिलीज डेट का ऐलान नहीं किया है, लेकिन एंटरटेनमेंट न्यूज की दुनिया से निकलकर सामने आ रहीं ताजा खबरों की मानें तो इस फिल्म को मेकर्स इसी साल दिसंबर तक सिनेमाघर पहुंचाने की तैयारी में हैं। हालांकि ये डेडलाइन मेकर्स छू पाएंगे या नहीं। ये देखने वाली बात होगी।

### पुष्पा 2 के सेट से रश्मिका की फोटो वायरल

## हेवी जूलरी से लदी दिखी 'पुष्पा' की नवेली दुल्हन श्रीवल्ली

बेधड़क | जयपुर

अल्लू अर्जुन और रश्मिका मंदाना स्टारर मूवी पुष्पा 2 इन दिनों काफी चर्चा में है। इस फिल्म को लेकर फैंस के बीच जबरदस्त क्रेज है। इस क्रेज को और बढ़ा दिया है फिल्म के सेट से आउट हुई रश्मिका मंदाना की लेटेस्ट तस्वीर ने। एंटरटेनमेंट न्यूज की दुनिया में सामने आई अदाकारा रश्मिका मंदाना की लेटेस्ट तस्वीर में एक्ट्रेस लाल साड़ी में नजर आईं। रश्मिका न्यूली वेडेड ब्राइड रूप में गोल्डन बेल्ट के साथ हैवी जूलरी कैरी करती दिख रही हैं। साथ बालों में गजरा और हेयर एक्सेसरीज पहनी है। तस्वीर में एक्ट्रेस बिल्कुल नई-नवेली दुल्हन के रूप में नजर आईं। ये तस्वीर और वीडियो इंस्टाग्राम पर छाई हुई है।

इस मूवी को मेकर्स इसी साल 15 अगस्त 2024 के दिन रिलीज करने वाले हैं। सुपरस्टार अल्लू अर्जुन की इस मूवी के निर्देशक सुकुमार हैं, जबकि फिल्म में मलयालम स्टार फहाद फासिल मेन विलेन का रोल निभाते दिखेंगे। गौरतलब है कि अल्लू अर्जुन स्टारर निर्देशक सुकुमार की मूवी जिस दिन सिनेमाघर पहुंच रही है, ठीक उसी दिन अजय देवगन स्टारर मूवी 'सिंघम अगेन' भी सिनेमाघर पहुंचेगी। ऐसे में साल 2024 के स्वतंत्रता दिवस के खास मौके पर दोनों सितारों के बीच जबरदस्त ऑन स्क्रीन भिड़ंत देखने को मिलेगी।



**बॉलीवुड** | मनोज वाजपेयी की फिल्म का ट्रेलर रिलीज, फैंस हुए एक्साइटेड

# भैयाजी बोले- निवेदन नहीं, नरसंहार होगा... नरसंहार

बेधड़क | जयपुर

'गुस्से में भरा घायल व्यक्ति हाथ में बेलचा लिए दौड़ता आ रहा है। डरे हुए लोग इधर-उधर भाग रहे हैं और आवाज आ रही है-अब निवेदन नहीं, नरसंहार होगा... नरसंहार।' यह दृश्य है अभिनेता मनोज वाजपेयी की अपकमिंग मूवी भैयाजी के टीजर का। बुधवार को यह टीजर रिलीज किया गया। टीजर बहुत ही कैची है और फैंस में मूवी के प्रति क्रेज बढ़ाने वाला है। यह मनोज वाजपेयी की 100वीं फिल्म है जो 24 मई को रिलीज होगी। इस मूवी के लिए अभिनेता मनोज वाजपेयी और उनकी बहुप्रशंसित मूवी सिर्फ एक बंदा काफी है की टीम एक बार फिर साथ में आई है। ऐसे में फैंस को उम्मीद है कि भैयाजी भी वैसा ही कमाल करने वाली है।




### खौफनाक लुक में छाए मनोज वाजपेयी

मूवी के 2 मिनट 13 सेकंड के टीजर में मनोज बाजपेयी का खौफनाक लुक देखने को मिला है। सत्या, शूल और गैंग्स ऑफ वासेपुर जैसी फिल्मों में खतरनाक लुक लिए मनोज बाजपेयी एक बार फिर बड़े पर्दे पर उसी इंटेंस अवतार में दिखेंगे। मनोज बाजपेयी ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर आने वाली फिल्म 'भैया जी' का टीजर शेयर किया है। उन्होंने कैप्शन लिखा- अब निवेदन नहीं, नरसंहार होगा! आ गई है 'भैय्या जी' की पहली झलक।

### कैसा है टीजर

टीजर की शुरुआत, 2014 में बिहार के सीतामढ़ी जिले से होती है। जहां एक सूनसान इलाके में भीड़ जमा है। वहां एक व्यक्ति बेहोश पड़ा हुआ है। भीड़ में से लोग उसे मारने की बात कर रहे हैं, लेकिन किसी की हिम्मत नहीं हो पा रही है। एक कहता है कि इसकी आखें सांप की आंखों की तरह फोटो खींच लेती है, इसलिए नहीं मारेगा तो दूसरा कहता है कि वह सिर्फ इनके दर्शन करने आया है। इनके रोज-रोज कहा दर्शन होते हैं। इसके बाद एक व्यक्ति को जबरदस्ती उसे मारने के लिए तैयार करते हैं तो वह जैसे ही सब्बल मारने के लिए उठाता है, घायल व्यक्ति का पैर हिलता है। यह देख सब डर जाते हैं और दूर भाग जाते हैं। आखिर में सबको हमला करने के लिए कहने वाला व्यक्ति ही हमला करने की कोशिश करता है, तभी वह आदमी आंखें खोलता है। वो इंसान कोई और नहीं बल्कि मनोज बाजपेयी है। लोग डरकर भागने लगते हैं। हवा में धूल और पत्ते उड़ने लगते हैं। भग रहे लोगों में से एक का हाथ पकड़कर बीड़ी लेते हैं। फूंक खींचत हैं और धुआं हवा में छोड़ने के बाद खड़े होते हैं स्टाइल से दुपट्टा झाड़कर गले में डालते हैं और फिर बीड़ी फेंक कर बेलचा उठाते हैं और दौड़ पड़ते हैं।





### चीन ने की अमेरिका, ब्रिटेन व यूरोपीय संघ की कड़ी आलोचना

# सुरक्षा कानूनों पर हांगकांग के साथ 'ड्रैगन', विरोधियों को घेरा

**एजेंसी** | हांगकांग

हांगकांग के नए सुरक्षा कानून का चीन ने समर्थन किया है। चीन ने कानून का विरोध कर रहे ब्रिटेन और यूरोपीय संघ की आलोचना की है। आलोचकों का कहना है कि इन कानूनों की मदद से असहमति को कुचला जाएगा। चीन ने नए कानूनों के बचाव में कहा है कि अमेरिका, ब्रिटेन और यूरोपीय संघ को हांगकांग के कानूनी मसलों मे हस्तक्षेप बंद करना चाहिए। चीन ने दो टूक कहा है कि यह हांगकांग आंतरिक मामला है। सभी देशों को दक्षिणी चीनी शहर में अपने 'औपनिवेशिक प्रभाव' को जारी रखने का भ्रम छोड़ देना चाहिए। आलोचकों का कहना है कि इन कानूनों की मदद से असहमति को कुचला जाएगा। इधर, कानून के विरोध में हांगकांग के लोकतंत्र समर्थक नागरिक लगातार सड़कों पर प्रदर्शन कर रहे हैं। गौरतलब है कि हांगकांग एक ब्रिटिश उपनिवेश है। इसे 'एक देश-दो प्रणाली' के सिद्धांत के तहत 1997 में चीन को वापस सौंप दिया गया था। इस प्रमुख एशियाई शहर की स्वायत्तता बरकरार रखने को लेकर चीन ने गारंटी दी थी। चीन और हांगकांग दोनों इस बात पर जोर देते हैं कि फिलहाल वही स्थिति बरकरार है। हालांकि, आलोचकों और अंतरराष्ट्रीय अधिकार समूहों का दावा है कि पिछले तुछ समय में इस शहर पर बीजिंग की पकड़ बढ़ी है।



### दंड में आजीवन कारावास जैसे कठोर प्रावधान

खबरों के मुताबिक हांगकांग की बीजिंग समर्थक विधायिका ने मंगलवार को एक विशेष सत्र के दौरान सुरक्षा राष्ट्रीय सुरक्षा विधेयक पारित किया। नए कानून के अनुच्छेद 23 में बाहरी हस्तक्षेप और विद्रोह जैसे नए अपराधों से सख्ती से निपटने पर जोर दिया गया है। दंड में आजीवन कारावास जैसे कठोर प्रावधान शामिल किए गए हैं। हांगकांग में चीन के विदेश मंत्रालय के आयुक्त कार्यालय ने विदेशी दखल की निंदा की। ब्रिटिश विदेश सचिव डेविड कैमरुन और यूरोपीय संघ काउंसिल की निंदा करते हुए चीनी प्रवक्ता ने कहा, 1997 से हांगकांग पर चीनी संप्रभुता है। इसके बाद हांगकांग पर ब्रिटेन की 'कोई संप्रभुता, शासन या पर्यवेक्षण' नहीं।

### औपनिवेशिक मानसिकता का किया विरोध

ब्रिटेन ने मंगलवार को हांगकांग की 'केवल देशभक्त' विधायिका (patriots-only legislature) में सर्वसम्मति से विधेयक पारित होने के बाद नए कानूनों को अधिक कठोर करार दिया। हांगकांग स्थित संगठन ने कहा कि ब्रिटेन लगातार परेशानी पैदा कर रहा है। ब्रिटेन हांगकांग की मौजूदा स्थिति पर मनमानी टिप्पणियां कर रहा है। अंतरराष्ट्रीय कानून और संबंधों को नियंत्रित करने वाले बुनियादी मानदंडों को खुलेआम रौंदा जा रहा है। साउथ चाइना मॉर्निंग पोस्ट की रिपोर्ट के मुताबिक चीनी प्रवक्ता ने ब्रिटेन के इस बर्ताव को गहरी जड़ें जमा चुकी औपनिवेशिक मानसिकता और शिक्षक जैसे व्यवहार का नतीजा करार दिया।

### कर्ज की पहली किस्त देने को राजी हुआ आईएमएफ

# पाकिस्तान की डूबती नैया को मिला सहारा

**एजेंसी** | इस्लामाबाद

नकदी संकट से जूझ रहे पाकिस्तान को अंतरराष्ट्रीय मुद्राकोष (IMF) से 3 अरब डॉलर के राहत पैकेज की राह साफ हो गई है। पैकेज की अंतिम किस्त के तौर पर 1.1 अरब डॉलर की राशि जारी करने का रास्ता साफ हो गया है। वैश्विक ऋणदाता ने कहा कि यह समझौता आईएमएफ के कार्यकारी बोर्ड की मंजूरी के अधीन है।

आईएमएफ के कार्यकारी बोर्ड ने पिछले साल पाकिस्तान के लिए तीन अरब डॉलर की राहत व्यवस्था को मंजूरी दी थी। पाकिस्तान के आर्थिक कार्यक्रम की दूसरी समीक्षा पर चर्चा करने के लिए नाथन पोर्टर की अगुवाई में आईएमएफ की एक टीम ने 14-19 मार्च तक इस्लामाबाद का दौरा किया था। इस दौरान पाकिस्तानी अधिकारियों के साथ कर्मचारी स्तर के समझौते पर सहमति बनी है।



आईएमएफ ने एक बयान में कहा कि यह समझौता हाल के महीनों में स्टेट बैंक ऑफ पाकिस्तान और कार्यवाहक सरकार द्वारा मजबूत कार्यक्रम कार्यान्वयन को मान्यता देता है।

आईएमएफ ने कहा कि राहत पैकेज की पहली समीक्षा के बाद पाकिस्तान की आर्थिक और वित्तीय स्थिति में सुधार हुआ है, लेकिन आर्थिक वृद्धि मामूली बनी हुई है और मुद्रास्फीति भी लक्षित स्तर से ऊपर है। पाकिस्तान इस वित्त वर्ष में ऋण को सहमत स्तर पर रखने के लिए गैस और बिजली की कीमतों में वृद्धि करेगा। मुद्राकोष ने कहा कि नए मंत्रिमंडल के गठन के तुरंत बाद दूसरी समीक्षा होने से उम्मीद जताई है कि आईएमएफ का बोर्ड अप्रैल के अंत में समीक्षा पर विचार करेगा। आईएमएफ ने यह भी घोषणा की कि पाकिस्तान ने एक नया मध्यम अवधि का बेलआउट पैकेज लेने में रुचि दिखाई है और आने वाले महीनों में इस पर चर्चा शुरू होगी।

### पैसे नहीं दिए तो बेच देंगे किडनी

**वॉशिंगटन।** अमेरिका में एक भारतीय छात्र के लापता होने की खबर सामने आ रही है। जानकारी के मुताबिक छात्र के परिवार से 1200 डॉलर की फिरौती मांगी गई है। अमेरिका की क्लीवलैंड यूनिवर्सिटी में आईटी में मास्टर की पढ़ाई कर रहे 25 वर्षीय अब्दुल मोहम्मद हैदराबाद के रहने वाले हैं। अब्दुल के 7 मार्च से लापता होने की सूचना मिली है। अब्दुल के पिता मोहम्मद सलीम को एक धमकी भरा फोन आया जिसमें एक अज्ञात व्यक्ति ने दावा किया कि उन्होंने अब्दुल को किडनैप कर लिया है। फोन करने वाले ने क्लीवलैंड में ड्रग बेचने वाले एक गिरोह से कथित संबंध का दावा करते हुए अब्दुल की सुरक्षित वापसी के लिए 1200 डॉलर की फिरौती मांगी। इसके अलावा फोन करने वाले ने धमकी दी कि अगर तुरंत पैसा नहीं दिया गया तो अब्दुल की किडनी बेच दी जाएगी। इस तरह की धमकियों से अब्दुल के रिश्तेदार घबरा गए और उन्होंने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई।

### 12 हजार साल पुराना मस्तिष्क मिला

# कभी खराब नहीं होता इंसानी ब्रेन!

**एजेंसी** | अमेरिका

पुरानी धारणा है कि मौत के बाद मस्तिष्क तेजी से खराब होने लगता है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद भी इस तरह के कई बार दावे किए गए हैं। लेकिन अब जो बातें सामने आई हैं, वे इन सभी धारणाओं को उलट देने वाली हैं।. वैज्ञानिकों ने पुरातात्विक रिकॉर्ड में आश्चर्यजनक स्थिति में संरक्षित 4400 से अधिक इंसानी ब्रेन की पहचान की है। इनमें कुछ तो 12000 साल पुराने हैं। यह खोज पोस्टमार्टम के बाद ब्रेन के तेजी से डिसॉल्यूशन के संबंध में प्रचलित धारणा को चुनौती देती है। मिरर की रिपोर्ट के मुताबिक, ऑक्सफोर्ड यूनिवर्सिटी के एलेक्जेंड्रा मॉर्टन-हेवर्ड के नेतृत्व में वैज्ञानिकों की एक टीम ने रिसर्च की। आर्कियोलॉजिकल रिकॉर्ड खंगालते समय इन ब्रेन का पता चला। संरक्षित मस्तिष्क मिस्र के रेगिस्तान से लेकर यूरोपीय पीट बोग्स तक के वातावरण में मौजूद थे। माना गया था कि यह अत्यंत दुर्लभ खोज है।



### सक्रिय अंग की तरह नजर आए

शोधकर्ताओं ने लिखा कि यहां रखे गए मानव मस्तिष्क लगभग 12000 साल पुराने हैं। ये आज भी एक सक्रिय अंग की तरह हमें नजर आते हैं। इनके उत्तक अभी भी काफी नर्म हैं और आवश्यक जानकारी हमें दे सकते हैं। ये हमें न्यूरोलॉजिकल डिसऑर्डर्स, कॉग्निशन और बिहेवियर और नर्व्स टिश्यू ग्रोथ को बेहतर ढंग से समझने में मदद कर सकते हैं।

### मिल सकती हैं कई बीमारियों की जानकारी

प्रोसीडिंग्स ऑफ द रॉयल सोसाइटी बी: बायोलॉजिकल साइंसेज में हाल ही में पब्लिश एक रिपोर्ट में इस पर ऐसे दावे किए गए हैं जो चौंकाते हैं। रिसर्च इस बात को पूरी तरह खारिज कर देता है कि मानव मस्तिष्क खराब होने वाले अंगों में से एक है। वैज्ञानिकों का मानना है कि जो नमूने हमने देखे, उससे पता चलात है कि इन मस्तिष्क से हम इवोल्यूशनरी हिस्ट्री और पिछली बीमारियों के बारे में डिटेल ले सकते हैं। अगर ये नष्ट हो रहे होते, तो शायद यह संभव नहीं होता।

### केंसिंग्टन पैलेस ने दिया जवाब

# केट के मेडिकल रिकॉर्ड से हुई छेड़छाड़!

**एजेंसी** | लंदन

ब्रिटिश शाही घराने की बहू केट मिडलटन की मेडिकल रिकॉर्ड से छेड़छाड़ की खबर सामने आई है। उनकी मेडिकल रिपोर्ट को लीक करने की कोशिश की गई। जनवरी महीने में केट की पेट की सर्जरी हुई थी। ये सर्जरी सेंट्रल लंदन के अस्पताल में हुई थी। आरोप है कि अस्पताल के कर्मचारियों ने अवैध रूप से उनके निजी मेडिकल रिकॉर्ड तक पहुंचने की कोशिश की। एक ब्रिटिश मीडिया रिपोर्ट में इस बात का खुलासा हुआ है। ब्रिटेन के सूचना निगरानी संस्था ने रिपोर्टों के आधार पर कथित घटना की जांच शुरू कर दी है। खबरों के मुताबिक, यह घटना कथित तौर पर लंदन क्लिनिक में हुई, जो लंदन के सेंट्रल एरिया में स्थित है। द मिरर की रिपोर्ट के अनुसार, अस्पताल के कर्मचारियों द्वारा केट की गोपनीय मेडिकल रिपोर्ट को देखने की कोशिश की गई थी। सूचना आयुक्त कार्यालय (ICO) के एक प्रवक्ता ने मंगलवार को कहा कि हमें अस्पताल नियमों के उल्लंघन की एक रिपोर्ट मिली है और हम दिए गए डिटेल के बारे में जांच कर रहे हैं।






सृष्टिविनायक एंटरटेनमेंट मीडिया प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक व प्रकाशक मिताली यादव द्वारा सच बेधड़क दैनिक हिन्दी अखबार, 34/16-ए, शिप्रा पथ, मानसरोवर, जयपुर-302020 (राजस्थान) से प्रकाशित एवं भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, शिवदासपुरा, रेलवे क्रॉसिंग टोंक रोड, जयपुर (राजस्थान) से मुद्रित।
**संपादक:** विनायक शर्मा*, **फोन नं. :** 9664014179 (ऑफिस), **ई-मेल:** news@sachbedhadak.com, **RNI No. :** RAJHIN/2021/82557 *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार।

दैनिक हिन्दी अख़बार
सच बेधड़क

"सच बेधड़क" दैनिक हिन्दी अख़बार की प्रति PDF के माध्यम से मुफ़्त प्राप्त करने के लिए इस लिंक पर Click कीजिए

Telegram

https://rb.gy/3bkrnl